बुधवार, 19 नवम्बर 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 19 – 29 |
| आर्द्रता | 72% |
| सूर्योदयः 5:51 | सूर्यास्तः 16:52 |


ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये




विदेश मंत्री जयशंकर ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : किसी को ठीक-ठीक पहचानना है तो उसे दूसरों की बुराई करते सुनो। ध्यान से सुनो।

# दिल्ली विस्फोट: ईडी ने छापेमारी के बाद अल फलाह समूह के अध्यक्ष को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लाल किला कार विस्फोट मामले से जुड़े अल फलाह विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के न्यासियों और प्रवर्तकों के खिलाफ दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मंगलवार को छापेमारी करने के बाद समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सिद्दीकी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के आपराधिक प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है और रिमांड के लिए सक्षम अदालत में पेश किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने सुबह करीब सवा पांच बजे शुरू की तलाशी के दौरान 48 लाख रुपये नकद भी जब्त किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी की कई टीम ने अल फलाह ट्रस्ट और विश्वविद्यालय प्रतिष्ठान के कई परिसरों की तलाशी ली। एजेंसी के दलों ने दिल्ली के ओखला क्षेत्र में एक कार्यालय पर पुलिस और



अर्धसैनिक बलों की सुरक्षा में छापा मारा। ईडी के एक अधिकारी ने कहा, ''यह कार्रवाई वित्तीय अनियमितताओं, फर्जी कंपनियों, आवास संस्थाओं के इस्तेमाल और धन शोधन की चल रही जांच का हिस्सा है। अल फलाह ट्रस्ट और संबंधित संस्थाओं की भूमिका की जांच की जा रही है।''

### दिल्ली पुलिस ने सत्यापन अभियान में 250 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए विस्फोट के बाद बड़े पैमाने पर चलाए गए सत्यापन अभियान के तहत, पुलिस ने उत्तरी जिले में 250 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं, जिनमें से ज्यादातर पर अनिवार्य पुलिस सत्यापन प्रक्रिया पूरी नहीं करने के आरोप हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अधिकतर प्राथमिकी उत्तरी दिल्ली में रहने वाले लोगों से संबंधित हैं, जिन्होंने अनिवार्य पुलिस सत्यापन प्रक्रिया पूरी नहीं की थी।

# आंध्र प्रदेश में शीर्ष नक्सली कमांडर हिडमा समेत छह माओवादी मुठभेड़ में ढेर



### अमित शाह की निर्धारित समयसीमा से 12 दिन पहले ही मारा गया हिडमा

**नयी दिल्ली :** खूंखार माओवादी कमांडर माडवी हिडमा को सुरक्षा बलों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा इस वांछित नक्सली को खत्म करने के लिए तय की गई 30 नवंबर की समय सीमा से 12 दिन पहले ही मार गिराया। गृह मंत्री के आदेश से अवगत एक सूत्र ने बताया, ''केंद्रीय गृह मंत्री ने देश से माओवाद की समस्या के उन्मूलन के लिए 31 मार्च 2026 की समयसीमा तय की है।

**मरेदुमिल्ली (आंध्र प्रदेश)/रायपुर :** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारामराजू जिले में मंगलवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष नक्सली कमांडर माडवी हिडमा और उसकी पत्नी समेत छह माओवादी मारे गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कई हमलों के कथित सूत्रधार हिडमा की मौत को छत्तीसगढ़ पुलिस ने उग्रवाद के 'ताबूत में आखिरी कील' करार दिया। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के 31 सदस्यों को भी हिरासत में लिया है, जिनमें इसके एक शीर्ष नेता के आठ सुरक्षा गार्ड भी शामिल हैं। हिडमा, जो 1990 के दशक में संगठन में जमीनी स्तर पर शामिल हुआ था, पिछले दो दशकों में कई हमलों का सूत्रधार था और 2010 में ताड़मेटला (दंतेवाड़ा) हमले के बाद सबसे वांछित माओवादियों में से एक बन गया, जिसमें 76 सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। उसने तब हमले को अंजाम देने में एक अन्य शीर्ष माओवादी कमांडर पापा राव की सहायता की थी। गुरिल्ला युद्ध में माहिर हिडमा एके-47 राइफल रखता था था, वहीं उसकी विशाल टुकड़ी के सदस्य भी अत्याधुनिक हथियारों से लैस रहते थे। जंगलों के अंदर उसकी चार-स्तरीय सुरक्षा घेरे के कारण कथित तौर पर वह वर्षों तक लापता रहा। उसकी मृत्यु के समय उस पर एक करोड़ रुपये से अधिक का इनाम था।

# बिहार में कैबिनेट गठन को लेकर लामबंदी जारी, विधानसभा अध्यक्ष पद पर जदयू-भाजपा में खींचतान

### नीतीश कुमार कल लेंगे सीएम पद की शपथ, पीएम मोदी समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री रहेंगे मौजूद

**पटना :** बिहार में नई सरकार के 20 नवंबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के बीच मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले चेहरों और विधानसभा अध्यक्ष पद को लेकर जोरदार खींचतान जारी है। सूत्रों के अनुसार, मंगलवार को भी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच विधानसभा अध्यक्ष पद को लेकर सहमति बनाने की कोशिशें जारी है तथा दोनों ही दल पद पर अपना-अपना दावा ठोंक रहे हैं। पिछली विधानसभा में भाजपा के नंद किशोर यादव विधानसभा अध्यक्ष थे जबकि जदयू के नरेंद्र नारायण यादव उपाध्यक्ष थे। सूत्रों ने बताया कि जदयू के वरिष्ठ नेता और भाजपा के शीर्ष पदाधिकारी इसके लिए नयी दिल्ली में लगातार बैठकें कर रहे हैं, जहां विधानसभा अध्यक्ष पद के साथ-साथ महत्वपूर्ण विभागों के बंटवारे पर भी चर्चा हो रही है। विधानसभा अध्यक्ष पद के संभावित दावेदारों में जदयू के विजय चौधरी और भाजपा के प्रेम कुमार के नाम प्रमुखता से चर्चा में हैं। सूत्रों के अनुसार, नए मंत्रिमंडल में राजग के प्रमुख घटक दल भाजपा और जदयू के पांच से छह नए चेहरे शामिल किए जा सकते हैं। महनार विधानसभा सीट से जीत हासिल करने वाले जदयू की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के मंत्री बनाए जाने की प्रबल संभावना है।

सूत्रों के मुताबिक, लोजपा (रामविलास) को तीन मंत्री पद, जबकि हम और रालोमो को एक-एक मंत्री पद मिलने की संभावना है। भाजपा से अधिकतम 16 मंत्री और जदयू से 14 मंत्री सहित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 20 नवंबर को शपथ ले सकते हैं।



नीतीश कुमार ने नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया

### केशव प्रसाद मौर्य को विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संसदीय बोर्ड ने बुधवार को होने वाली पार्टी की बिहार इकाई के विधायक दल की बैठक के लिए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया। पार्टी ने केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को सह-पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी ने नव निर्वाचित 89 विधायकों और विधान परिषद के 21 सदस्यों को बुधवार को प्रस्तावित बैठक में शामिल होने के लिए सूचना भेज दी है। बैठक भाजपा प्रदेश मुख्यालय स्थित अटल सभागार में होगी, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल करेंगे।

# छह दिसंबर को सड़कों पर उतरेंगे ममता-अभिषेक

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसआईआर के विरोध के बाद एक बार फिर तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी व पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी आने वाले छह दिसंबर को बाबरी विध्वंस की बरसी पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी सड़कों पर उतरने जा रहे हैं। उस दिन, कोलकाता के धर्मतला स्थित मेयो रोड पर बड़े स्तर पर संहति समावेश का आयोजन किया जा रहा है। पार्टी के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इसके जरिए एकता का संदेश दिया जाएगा। हालांकि, बाबरी विध्वंस की बरसी पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में इन दोनों की उपस्थिति को लेकर एक बार फिर मुस्लिम तुष्टिकरण के आरोप लग रहे हैं। आयोजन की जिम्मेदारी तृणमूल के युवा, छात्र और अल्पसंख्यक संगठनों को सौंपी गई है। पार्टी के प्रवक्ता और राज्य के एक महत्वपूर्ण पदाधिकारी जयप्रकाश मजूमदार ने एक वीडियो संदेश में कहा कि छह दिसंबर को हर वर्ष संहति दिवस मनाया जाता है, यह हमारा संवैधानिक अधिकार है। बाबरी मस्जिद विध्वंस की तिथि को राष्ट्रीय एकता और संहति दिवस के रूप में मनाने की परंपरा वर्षों से जारी है और इस वर्ष भी उसी भावना के साथ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### दुनियाभर में एक्स और चैटजीपीटी 4 घंटे डाउन रहे : क्लाउडफ्लेयर में दिक्कत होने से सर्विस गड़बड़ाई, 75 लाख वेबसाइट्स पर असर

**नयी दिल्ली :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, एआई चैटबॉट चैटजीपीटी और कैनवा की सर्विसेज देशभर में डाउन हो गईं। ये सर्विसेज मंगलवार शाम करीब 5 बजे से रात 9 बजे तक डाउन रहीं। भारत समेत दुनियाभर में यूजर्स को लॉगिन, साइनअप, पोस्ट करने और देखने के अलावा प्रीमियम सर्विसेज सहित प्रमुख सुविधाओं का उपयोग करने में दिक्कत आई। सर्वर डाउन होने की जानकारी देने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर भी बंद रही। सर्वर प्रोवाइडर क्लाउडफ्लेयर के डाउन होने के कारण यह दिक्कत आई है। इससे जुड़ी करीब 75 लाख वेबसाइट्स पर भी असर पड़ा है।

### एआई पर आंख मूंदकर भरोसा न करें: गूगल प्रमुख सुंदर पिचाई

**लंदन :** गूगल के प्रमुख सुंदर पिचाई ने कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल से मिली हर जानकारी पर आंख मूंदकर भरोसा करने को लेकर लोगों को आगाह किया है। साथ ही पिचाई ने कंपनियों को भी चेतावनी दी कि एआई निवेश का बुलबुला फटने पर कोई भी इससे अछूता नहीं रहेगा। बीबीसी के साथ साक्षात्कार में गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट के भारतीय-अमेरिकी मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पिचाई ने बताया कि एआई मॉडल त्रुटियों से ग्रस्त हैं और उपयोगकर्ताओं को इनके परिणामों की तुलना अन्य स्रोतों से करनी चाहिए।

### जो कोई भी 'भारत पर गर्व' करता है, वह हिंदू भागवत

**गुवाहाटी :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि जो कोई भी ''भारत पर गर्व'' करता है, वह हिंदू है। भागवत ने यहां प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ बातचीत में दावा किया कि 'हिंदू' केवल एक धार्मिक शब्द नहीं है, बल्कि हजारों वर्षों की सांस्कृतिक निरंतरता में निहित एक सभ्यतागत पहचान है। उन्होंने कहा, ''भारत और हिंदू पर्यायवाची हैं। भारत को 'हिंदू राष्ट्र' होने के लिए किसी आधिकारिक घोषणा की आवश्यकता नहीं है। इसकी सभ्यतागत प्रकृति पहले से ही इसे दर्शाती है।'' भागवत ने कहा कि आरएसएस की स्थापना किसी का विरोध करने या उसे नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने और भारत को वैश्विक नेता बनाने में योगदान देने के लिए की गई थी।

# देश में हर आठ मिनट में लापता हो रहा एक बच्चा: सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को देश में बच्चों के लापता होने की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की। एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए अदालत ने कहा कि हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता होने का दावा बेहद चिंताजनक है और इसे तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि देश में गोद लेने की प्रक्रिया अत्यधिक जटिल और कठोर है, जिसके कारण अवैध तरीकों से बच्चों को पाने की प्रवृत्ति बढ़ सकती है। अदालत ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह गोद लेने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाए।



**केंद्र को 9 दिसंबर तक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश**

सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने लापता बच्चों के मामलों के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने हेतु छह सप्ताह का समय मांगा। अदालत ने यह समय देने से इंकार करते हुए 9 दिसंबर तक प्रक्रिया पूरी करने का आदेश दिया।

**पहले भी दिए गए थे स्पष्ट निर्देश**

14 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया था कि सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में लापता बच्चों के लिए एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए, जिनके नाम और संपर्क विवरण महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के मिशन वात्सल्य पोर्टल पर उपलब्ध कराए जाएं। अदालत ने यह भी कहा था कि पोर्टल पर किसी भी बच्चे की गुमशुदगी की शिकायत आते ही तत्काल संबंधित नोडल अधिकारी को जानकारी भेजी जानी चाहिए।





INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION www.indiangem.com

**9B, Wood Street:** Ground Floor, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89018 **South City Mall:** Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 **M** +91 89810 89029 **City Centre II, Rajarhat :** Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 **M** +91 89810 89066 **Howrah:** JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) **M** +91 89810 89027 **Vardaan Market:** 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89003 **Bagnan:** Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 **M** +91 89810 89024 **Durgapur:** Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 **M** +91 89810 89017 **Serampore:** Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 **M** +91 89810 89014

**Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau, Silver and Certified Gemstones with buy-back facility.**

**Authorised Retailer: Platinum & MMTC Gold & Silver Bars** Toll Free No. **1800 889 1704**



## क्रीमी लेयर को अलग करने की पहल

हाल ही में भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई द्वारा अनुसूचित जाति आरक्षण के लिए क्रीमी लेयर सिद्धांत का समर्थन करने से एक महत्वपूर्ण तार्किक चर्चा फिर से प्रारंभ हो गई है। जिसका मकसद है कि कैसे सकारात्मक पहल करके आरक्षण के उद्देश्य को अधिक न्यायसंगत, लक्षित और प्रभावी बनाया जा सकता है। वास्तव में उनकी पहल का मकसद संवैधानिक सुरक्षा को कमजोर करने का नहीं है। बल्कि यह सुनिश्चित करने का प्रयास है कि आरक्षण का लाभ उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें वास्तव में इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। यानी कि अनुसूचित जाति समुदाय के सबसे गरीब, सामाजिक रूप से सबसे अधिक वंचित और आरक्षण के लाभ में सबसे कम प्रतिनिधित्व करने वाले वर्ग को लाभ पहुंचाने का मकसद पूरा करना। बहुत संभव है कि मुख्य न्यायाधीश के इस विचार से असहमति के तर्क दिये जाएं। वास्तव में, देश में दशकों से आरक्षण की बहस कोटा बढ़ाने पर केंद्रित रही है, लेकिन उनके न्यायसंगत वितरण की दिशा में पर्याप्त पहल नहीं हो पायी है। निर्विवाद रूप से अनुसूचित जाति समुदाय के एक छोटे, अपेक्षाकृत बेहतर आर्थिक–सामाजिक स्थिति वाले वर्ग ने ही बार–बार शिक्षा और सरकारी रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया है। वहीं दूसरी ओर पीढ़ी दर पीढ़ी अभावों के भंवर–जाल में फंसे परिवार– मसलन श्रमिक, सफाई कर्मचारी, भूमिहीन मजदूर परिवार लगातार हाशिये पर ही बने हुए हैं। यदि आरक्षण का मूल उद्देश्य संरचनात्मक असंतुलन को ही ठीक करना है तो इसके लाभ सीमित दायरे के लोगों को ही नहीं मिलना चाहिए। उल्लेखनीय है कि ओबीसी वर्ग के लिये यह प्रावधान सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। इसमें दो राय नहीं कि क्रीमी लेयर का सिद्धांत आरक्षण लाभ में इस तरह के एकाधिकार को रोकने का एक सशक्त साधन है। इस प्रावधान का वंचित अनुसूचित जातियों तक विस्तार करना एक बुनियादी सच्चाई को स्वीकार करता है कि सामाजिक गतिशीलता, हालांकि सीमित स्तर पर कुछ ही लोगों के लिये संभव हुई है। साथ ही अवसरों के अधिक न्यायसंगत वितरण को सुनिश्चित करने के लिये नीति को अनुकूलित किया जाना वक्त की जरूरत है।

वास्तव में वर्तमान स्थिति आरक्षण के न्यायसंगत लाभ वंचित वर्ग तक पहुंचाने में तार्किक नजर नहीं आती। जब किसी आईएएस अधिकारी या वरिष्ठ अधिकारी का बच्चा सामाजिक रूप से हाशिये पर गए वर्ग के किसी व्यक्ति के मुकाबले समान लाभों का दावा करना जारी रखता है तो इससे लक्षित उद्देश्य कमजोर हो जाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि क्रीमी लेयर को बाहर करने पर उनके जातिगत भेदभाव होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन यह केवल यही दर्शाता है कि किसी भी ऐतिहासिक रूप से उत्पीड़ित समूह के भीतर, वंचितता की स्थिति अलग–अलग होती है। ऐसी अवस्था में, सबसे निचले स्तर के लोग राज्य के संरक्षण पाने के लिये प्राथमिकता के हकदार हैं। निश्चित रूप से स्पष्ट मानदंड, सामाजिक पिछड़ेपन का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने और दुरुपयोग को रोकने के लिये कारगर सुरक्षा उपाय होने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की टिप्पणी इस बात की ही परिचायक है कि सामाजिक न्याय का विस्तार होना चाहिए। अनुसूचित जातियों के आरक्षण से क्रीमी लेयर को सोच–समझकर बाहर करने से समानता के संवैधानिक वायदे की पुष्टि हो सकती है। इस पहल के विरोध में यह तर्क दिया जा सकता है यदि अनुसूचित जाति वर्ग के आरक्षण के उपवर्गीकरण को मान्यता दी जाती है, तो पहले इससे लाभान्वित लोगों को सुरक्षा कवच न मिल सकेगा। उनका तर्क हो सकता है कि कई बार आरक्षित वर्ग के किसी व्यक्ति को उच्च पद पर पहुंच जाने के बावजूद किसी भेदभाव व उपेक्षा का सामना करना पड़ सकता है। निस्संदेह, इस कथन की तार्किकता विचारणीय है। लेकिन इसका एक निष्कर्ष यह भी हो सकता है कि सामाजिक विसंगति और आर्थिक विषमता दूर करने का एकमात्र साधन आरक्षण ही नहीं हो सकता है। यहां यह भी विचारणीय होना चाहिए कि कई पीढ़ियों से आरक्षण लाभ पा चुके लोग, स्वेच्छा से उसका परित्याग करें तो इस दिशा में धनात्मक वातावरण बन सकता है। निश्चित रूप से ऐसे कदमों से मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की सकारात्मक पहल को संबल मिल सकेगा।

# कठोर निर्णयों की प्रणेता और भारत की लौह आवाज इंदिरा गांधी



योगेश कुमार गोयल

पं.जवाहरलाल नेहरू के घर 19 नवम्बर 1917 को जब प्रियदर्शिनी नामक कन्या ने जन्म लिया था तो किसे पता था कि यही कन्या आगे चलकर न केवल इस देश की बागडोर संभालेगी बल्कि अपनी दबंगता से पूरी दुनिया में मिसाल बन जाएगी। ऑक्सफोर्ड और स्विट्जरलैंड में उच्च शिक्षा प्राप्ति के पश्चात् इंदिरा गांधी ने उच्च पद पर नौकरी करने या कोई अन्य कार्य करने के बजाय अपना जीवन देशसेवा में समर्पित करने का निश्चय किया। देशभक्ति की भावना इंदिरा जी में बचपन से ही कूट–कूटकर भरी थी। विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के आव्हान से प्रेरित होकर बचपन में ही इन्होंने अपने घर के बाहर अपने कीमती कपड़ों की होली जलाकर न केवल अपनी इसी भावना का परिचय दिया था बल्कि उसके बाद इंदिरा जी से प्रेरणा लेकर इस आन्दोलन ने पूरे देश में जोर पकड़ा था।

इंदिरा जी के स्कूली दिनों में एक दिन स्कूल में गांधी जी के आमरण अनशन को लेकर एक सभा का आयोजन था, जिसमें बच्चों को भी बोलने का अवसर दिया गया था। जब इंदिरा जी ने बोलना शुरू किया तो सभागार में सन्नाटा छा गया और सभी एकटक इंदिरा को निहारने लगे कि इतनी छोटी बालिका इतनी गूढ़ बातें कैसे कर रही है। उन्होंने कहा, ''आखिर स्वर्ण अपने ही दलित भाईयों को गिरा हुआ, छूत और निकृष्ट क्यों समझते हैं तथा उनके साथ दुवर्यवहार और अत्याचार क्यों करते हैं? अगर हमने अपनी ही सेवा करने वालों का इस तरह से निरन्तर तिरस्कार न किया होता तो आज अंग्रेजों को इस प्रकार लाभ उठाने का अवसर न मिल रहा होता और न ही बापू को इस तरह से आमरण अनशन कर अपने प्राण दांव पर लगाने पड़ते।'' इंदिरा जी की इन गूढ़ और तर्कसम्मत बातों के समक्ष सभी नतमस्तक थे और उनकी सराहना कर रहे थे। इंदिरा में बचपन से ही एक अच्छी राजनेता होने के तमाम गुण विद्यमान थे। 21 वर्ष की आयु में वह कांग्रेस में शामिल होकर सक्रिय राजनीति में कूद पड़ी। उसके बाद उन्होंने आजादी के आन्दोलन में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

1942 में उन्होंने फिरोज गांधी से प्रेम विवाह किया किन्तु 1960 में फिरोज गांधी का अकस्मात् निधन हो गया। पिता जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद देश की बागडोर संभालने की जिम्मेदारी इंदिरा के कंधों पर आई तो अपनी दृढ़ता, दबंगता, निडरता और वाकपटुता से उन्होंने दुनियाभर को अपना लोहा मानने को विवश कर दिया। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित एवं प्रभावशाली देशों में भी उनकी तूती बोलती थी। 1966 से 1977 तक उन्होंने देश पर एकछत्र शासन किया और उनकी कार्यशैली तथा देश के प्रति उनका समर्पण भाव देखकर विरोधी भी उनकी सराहना किए बिना नहीं रह पाते थे। हालांकि लालबहादुर शास्त्री के बाद प्रधानमंत्री बनी इंदिरा को शुरूआती दौर में 'गूंगी गुड़िया' की उपाधि दी गई थी किन्तु बहुत ही कम समय में अपने साहसिक निर्णयों से इंदिरा ने साबित कर दिखाया था कि वो एक 'गूंगी गुड़िया' नहीं बल्कि 'लौह महिला' हैं।

**इंदिरा गांधी जयंती (19 नवम्बर) पर विशेष**



बैंकों के राष्ट्रीयकरण तथा 1971 के भारत–पाक युद्ध में भारत की शानदार जीत के बाद इंदिरा जी जनमानस की आंखों का तारा बन गई थी किन्तु 1975–77 के आपातकाल ने उनकी छवि पर ग्रहण लगाने में प्रमुख भूमिका निभाई और उस दौर ने उनकी छवि एक तानाशाह के रूप में स्थापित कर दी। यही वजह रही कि 1977 में इंदिरा को पहली बार हार का सामना करना पड़ा और सत्ता उनके हाथ से छिन गई किन्तु निराश होना तो जैसे उन्होंने सीखा ही नहीं था, इसलिए 1980 में एक बार फिर विशाल बहुमत के साथ वह सत्ता में लौटी। अपने शासनकाल में उन्होंने कभी अलगाववादी व साम्प्रदायिक आग भड़काने वाले तत्वों को नहीं पनपने दिया। ऐसे तत्वों को उन्होंने बेदर्दी से कुचलने में जरा भी देर नहीं लगाई।

1980 में पुनः देश का शासन संभालने के बाद पंजाब में अलगाववादी ताकतों ने खालिस्तान की मांग शुरू की और दूसरे देशों की शह पर अपने नापाक इरादों को सफल बनाने के लिए सिख अलगाववादियों ने भयानक नरसंहार का दौर शुरू किया तथा पंजाब में अवैध रूप से हथियारों के जखीरे इकट्ठा करने शुरू कर दिए। देश की जांबाज, निडर एवं साहसी नेता इंदिरा को भला यह कैसे सहन होता, इसलिए जैसे ही उन्हें खबर मिली कि सिख अलगाववादियों ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर जैसी पाक जगह में भी हथियारों का विशाल जखीरा इकट्ठा किया है तो उन्हें देश की एकता और अखंडता कायम रखने तथा अलगाववादियों के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए इस पवित्र धर्मस्थल के भीतर न चाहते हुए भी 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के तहत पुलिस भेजने का सख्त निर्णय लेना पड़ा। हालांकि उस वक्त स्वर्ण मंदिर के भीतर पुलिस बल भेजने के उनके फैसले की बहुत आलोचना हुई किन्तु जब स्वर्ण मंदिर से हथियारों का बहुत बड़ा जखीरा बरामद हुआ और धार्मिक स्थल की आड़ में चल रही इस राष्ट्र विरोधी साजिश का भंडाफोड़ हुआ तो उन्हीं लोगों ने इंदिरा जी की सराहना भी की। उसके बाद इंदिरा ने जिस दिलेरी और दृढ़ता के साथ अलगाववादियों को रौंदा, वह एक मिसाल बन गया लेकिन अलगाववादियों के विरूद्ध चलाए गए उनके इसी ऑपरेशन की वजह से ही वह उनकी हिट लिस्ट में सबसे ऊपर आ गई, जिन्होंने हर हाल में उनकी हत्या कर उन्हें अपने मार्ग से हटाने की ठान ली।

इंदिरा जी को स्वयं अपनी मौत का आभास पहले ही हो गया था लेकिन फिर भी वह अपने दृढ़ इरादों से टस से मस न हुई और अलगाववादियों के खिलाफ अपना अभियान पहले से भी तेज कर दिया। 30 अक्तूबर 1984 को भुवनेश्वर की एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए इंदिरा ने अपनी हत्या का पूर्वाभास होने का स्पष्ट संकेत देते हुए कहा था, ''देश की सेवा करते हुए यदि मेरी जान भी चली जाए तो मुझे गर्व होगा। मुझे भरोसा है कि मेरे खून की एक–एक बूंद देश के विकास में योगदान देगी और देश को मजबूत एवं गतिशील बनाएगी।''

इंदिरा जी के इस भाषण के चंद घंटों बाद ही 31 अक्तूबर 1984 की सुबह करीब सवा नौ बजे उनके दो निजी अंगरक्षकों ने ही उन्हें उस वक्त गोलियों से छलनी कर दिया, जब वह अपने आवास से निकलकर विदेशी मीडिया को इंटरव्यू देने जा रही थी। उस हत्याकांड से जहां पूरे देश में शोक की लहर छा गई, वहीं दूसरी ओर इंदिरा जी का शहीदी रक्त रंग लाया और इस नृशंस हत्याकांड के बाद सिख अलगाववादियों को मदद मिलनी बंद हो गई तथा इंदिरा जी की शहादत के साथ ही खालिस्तान की मांग भी गहरे दफन हो गई। इंदिरा जी अक्सर कहा करती थी कि उन कायरों और बुजदिलों पर मातम करो, जो दुनिया के जुल्मों से घबराकर इस तरह आंखें बंद कर लेते हैं, जैसे कि कुछ हुआ ही न हो।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# उपेक्षित संवेदनाओं और अनदेखें संघर्षों का सच



ललित गर्ग




महिला दिवस की तर्ज पर ही पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया जाने लगा है। पहला अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस 1999 में 19 नवंबर को डॉ. जेरोम टीलकसिंह ने त्रिनिदाद और टोबैगो में मनाया था। दुनिया के 30 से अधिक देशों में यह दिवस मनाया जा रहा है। यह केवल पुरुषों का उत्सव नहीं, बल्कि बदलते सामाजिक परिदृश्य में उनकी स्थिति, संघर्षों और मनोभावों को समझने का मौक़ा है। जैसे स्त्रियाँ वर्षों से असमानता, उपेक्षा और अन्याय के बोझ से जूझती रही हैं, वैसे ही आज पुरुष भी कई स्तरों पर अपने शोषण एवं उत्पीडित होने की बात उठा रहे हैं। महिलाओं की ही भांति अब पुरुषों पर भी उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की बात की जा रही है। वे भी दबाव, अवसाद और सामाजिक पूर्वाग्रहों का सामना कर रहे हैं। दुर्भाग्य यह है कि पुरुषों की पीड़ा, उनके संघर्ष और उनकी संवेदनाएँ उतनी चर्चा का विषय नहीं बनते, जितना कि वे बनना चाहिए। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि समाज केवल स्त्रियों से ही नहीं, पुरुषों से भी बनता है और किसी एक की उपेक्षा पूरे संतुलन को बिगाड़ देती है। 2025 के लिए इस दिवस की थीम 'पुरुषों और लड़कों का उत्सव' है।

आज का पुरुष बदलते समय के साथ एक दोहरी चुनौती से जूझ रहा है–एक ओर उससे पारंपरिक भूमिकाओं को निभाने की अपेक्षा की जाती है, दूसरी ओर नये सामाजिक ढाँचों में भावनात्मक रूप से अधिक संवेदनशील, सहयोगी और सहचर होने का दबाव है। संघर्ष यह है कि इस परिवर्तन में उसकी पीड़ा, द्वंद्व और टूटन को गंभीरता से नहीं सुना जाता। उसे मजबूत, कठोर और समस्यारहित मान लेने का भ्रम उसकी वास्तविक जरूरतों को छिपा देता है। यही कारण है कि आधुनिक पुरुष स्वयं को कई बार दोयम दर्जे की स्थिति में पाता है–एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसे समाज ज़िम्मेदारी तो देता है, पर अधिकार और संवेदना नहीं। पुरुषों पर हो रहे अत्याचारों की अनदेखी भी चिंताजनक है। घरेलू हिंसा, झूठे मुक़दमे, अभिभावकत्व के अधिकारों से वंचित होना, मानसिक प्रताड़ना, कार्यस्थलों पर उत्पीड़न–ये सब वास्तविक समस्याएँ हैं, जिन्हें अक्सर मज़ाक या अतिशयोक्ति कहकर टाल दिया जाता है। पुरुष के दर्द को 'मर्द को दर्द नहीं होता' जैसी रूढ़ि निगल जाती है। जबकि सच यह है कि भारत में पुरुष भी आत्महत्या, अवसाद और मानसिक दबाव के शिकार बन रहे हैं। कई रिपोर्टों में यह तथ्य सामने आया है कि अवसाद और आत्महत्या के मामलों में पुरुषों की संख्या महिलाओं की तुलना में अधिक है, पर इस पर चर्चा समाज की प्राथमिकता नहीं बनती। यह उपेक्षा न केवल अमानवीय है, बल्कि समाज के संतुलन को खतरे में डालने वाली भी है।

कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाये। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं? लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात चाहता है। तरह–तरह के कानूनों ने उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाया है। जबकि आज बदलते वक्त के साथ पुरुष अब अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील हो चुका है। कई युवा पुरुष समाज–निर्माण की बड़ी जिम्मेदारियों को उठा रहे हैं और अपनी काबिलीयत व जुनून से यह साबित भी कर रहे हैं।

समाज हमेशा पुरुष से अपेक्षा करता है कि वह परिवार की रीढ़ बने, आर्थिक व भावनात्मक उत्तरदायित्व निभाए, कठिनाई में ढाल की तरह खड़ा रहे। लेकिन जब वही पुरुष कमज़ोर पड़ता है, टूटता है, या न्याय चाहता है, तो वह उपेक्षित कर दिया जाता है। पुरुष को यह अधिकार मिलना ही चाहिए कि वह अपनी पीड़ा कह सके, अपने अधिकारों की रक्षा कर सके और गलत आरोपों से मुक्त हो सके। जैसे महिलाओं के लिए सुरक्षा और न्याय के तंत्र बनाए गए, वैसे ही पुरुषों के लिए भी कुछ संवेदनशील और न्यायपूर्ण व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता है। यह समझना आवश्यक है कि पुरुष समाज के निर्माण का अभिन्न हिस्सा है–वह पिता है, पति है, पुत्र है, भाई है, मित्र है। उसकी उपस्थिति के बिना किसी भी परिवार या समाज की कल्पना अधूरी है। वह जिम्मेदारियों से भरा हुआ व्यक्ति है, लेकिन इसी वजह से वह सबसे अधिक दबाव और अपेक्षाओं का भार उठाता है। यह भी सच है कि पुरुष ही समाज के विकास, विज्ञान, कला, परिश्रम और संरचना के बड़े हिस्से का वाहक रहा है। लेकिन इस योगदान के बावजूद, आज पुरुषों की समस्याओं के प्रति संवेदना बढ़ाने की आवश्यकता है।

अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस का संदेश यही है कि महिलाओं के समान ही पुरुषों की भी गरिमा, सुरक्षा, सम्मान और संवेदनाओं की रक्षा की जानी चाहिए। लैंगिक समानता का अर्थ केवल महिलाओं को सशक्त बनाना नहीं, बल्कि पुरुषों पर बने अनुचित पूर्वाग्रहों को भी तोड़ना है। एक स्वस्थ, संतुलित समाज वही है जिसमें दोनों लिंगों की समस्याओं को समान रूप से सुना और समझा जाए। पुरुषों को कठोरता की बेड़ियों से मुक्त कर, उनके भावनात्मक अस्तित्व को स्वीकार करना समय की मांग है। पुरुष दिवस हमें जागरूक करता है कि सह–अस्तित्व, सहयोग, संवाद और करुणा ही पुरुष–स्त्री के संबंधों का वास्तविक आधार हैं। पुरुष और स्त्री एक–दूसरे के विरोधी नहीं, पूरक हैं। इसलिए उनकी समस्याओं, अधिकारों और जिम्मेदारियों को भी पूरक दृष्टि से ही देखा जाना चाहिए। जब समाज पुरुष की पीड़ा को भी उतनी ही गंभीरता से सुनेगा, जितनी वह स्त्री के आर्तनाद पर देता है, तभी हम सच्चे अर्थों में संतुलित और मानवीय समाज का निर्माण कर पाएँगे।

महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। 'सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन' और 'माई नेशन' नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसद से ज्यादा पति तीन साल की रिलेशनशिप में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। वे भी अपने अस्तित्व की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये आवाज उठाना चाहते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि यह पुरुष को उसके वास्तविक स्वरूप में देखने, समझने और सम्मान देने का अवसर देता है–एक ऐसे मानव के रूप में, जो जिम्मेदार भी है, संवेदनशील भी; जो मजबूत भी है, पर टूट भी सकता है; जो देता ही नहीं, पाने की भी अपेक्षा रखता है। पुरुष की इस नई समझ के बिना मानवीय समाज की कल्पना संभव नहीं है। यह ऐसा एक वैश्विक उत्सव है जो पुरुषों के सकारात्मक योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाता है, साथ ही पुरुषों के स्वास्थ्य, कल्याण और लैंगिक समानता को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है। यह दिन पुरुषों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करने वाली चर्चाओं और कार्यों को बढ़ावा देने, सकारात्मक रोल मॉडल को प्रोत्साहित करने और अधिक समावेशी समाज की वकालत करने का अवसर प्रदान करता है।

## राज्यों की खबर

### केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जयपुर में करेंगे जीएसआई की अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) अपनी स्थापना के 175 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 20–21 नवंबर को जयपुर में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन करेगा। अतीत का अन्वेषण, भविष्य का निर्माण: जीएसआई के 175 वर्ष विषय पर आधारित इस संगोष्ठी का उद्घाटन केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी करेंगे। उद्घाटन समारोह में खान मंत्रालय के सचिव पीयूष गोयल तथा राजस्थान सरकार के खान एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रधान सचिव टी. रविकांत भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का नेतृत्व जीएसआई के महानिदेशक असित साहा तथा पश्चिमी क्षेत्र के अतिरिक्त महानिदेशक एवं संगोष्ठी अध्यक्ष विजय वी. मुगल करेंगे। इसमें देश–विदेश के कई वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक और प्रख्यात भूवैज्ञानिक शामिल होंगे। 1851 में स्थापित जीएसआई ने देश में भूवैज्ञानिक मानचित्रण, खनिज अन्वेषण, रणनीतिक खनिजों की खोज और भू–खतरा अध्ययन में उल्लेखनीय योगदान दिया है। संगोष्ठी में उभरती तकनीकों, वैश्विक चुनौतियों और भू–विज्ञान के भविष्य पर विशेषज्ञ विचार–विमर्श करेंगे। दो दिवसीय तकनीकी कार्यक्रम में 9 पूर्ण व्याख्यान, 19 विशेष व्याख्यान तथा 11 थीमैटिक सत्रों में 300 से अधिक वैज्ञानिक एवं पोस्टर प्रस्तुतियाँ होंगी। ब्रिटिश भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, यूएसजीएस, जियोसाइंस ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका तथा यूरोप के कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक इसमें हिस्सा लेंगे। संगोष्ठी के दौरान एक प्रदर्शनी भी आयोजित होगी जिसमें अत्याधुनिक तकनीकों और भू–स्थानिक उपकरणों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी खड़गपुर के साथ दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होंगे, जो भू–विज्ञान अनुसंधान और क्षमता निर्माण में सहयोग को मजबूत करेंगे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 19 नवम्बर, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष चतुर्दशी, 09:43 तक, नक्षत्र : स्वाति, 07:53 तक, योग : सौभाग्य, 08:58 तक, सूर्योदय: 05:51, सूर्यास्त: 16:52, चन्द्रोदय : 04:53, चन्द्रास्त: 16:01, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 11:21 से 12:43

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी दूर रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिलेगी।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप कुछ काम करने की सोचेंगे, लेकिन उसमें विघ्न आने से आपकी बेवजह की टेंशन बढ़ेगी।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। आपकी काम की गति भी बेहतर रहेगी और आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले, नहीं तो बेवजह का लड़ाई–झगड़ा हो सकता है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आपके खिलाफ कोई विरोधी षड्यंत्र रच सकता है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए किसी नए घर आदि की खरीदारी के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपने किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है और आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी पुरानी बात को लेकर वाद–विवाद हो सकता है। आपको अपने किसी वाद–विवाद को मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। आपको अपने खर्चों का लेखा–जोखा रखना होगा।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह में आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपका कोई कानूनी मामला आपकी समस्याओं को बढ़ाएगा। आप अपने किसी विरोधी की बातों में ना आएं।

**मीन :** आज आप अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे। आपके बॉस से भी आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

## वर्ग पहेली नं. 3268

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| ■ | 22 | | | ■ | 23 | 24 | | ■ | |
| 25 | | ■ | 26 | 27 | ■ | 28 | | 29 | ■ |
| | ■ | 30 | | | | | ■ | 31 | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) खंड़हर टीला, 2) कुचलना, 3) महीना, 4) निर्वाचन, 5) कीड़ा, 6) कामना, 8) चैन, 12) धैर्य; संयम, 15) वायु, 17) चंपत होना, 18) बुद्ध, 19) कभी कभी, 20) एक धर्मग्रंथ, 21) गांधीजी, 24) सायंकाल, 25) निर्जल; जल-हीन, 27) स्त्री, 29) कहानी.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 2) साँस की बीमारी, 4) छोटा घूँट, 7) हिलोरें खाना, 9) भिड़ंत, 10) एक मेवा, 11) वासना, 13) ज़ायका, 14) वृद्धावस्था, 16) आबाद होना, 18) पार्वती, 19) बराती, 20) कुटुंब, 22) भुना हुआ मसालेदार मांस, 23) मद्य, 25) जहाँ कोई न हो, 26) वृक्ष का धड़, 28) एक धर्मसंस्थापक, 30) प्रबल, 31) पुलिस चौकी.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | त्या | चा | र | ■ | फ़ | रे | बी | ■ | त |
| ■ | ■ | ह | स | र | त | ■ | बी | त | ना |
| अ | त्यं | त | ■ | ज | वा | ब | ■ | ■ | त |
| पे | ■ | ■ | भा | त | ■ | म | न | मा | नी |
| क्षि | ति | ज | ■ | ■ | ठी | क | ■ | द | ■ |
| त | न | ■ | दा | रू | ■ | ना | य | क | ■ |
| ■ | का | ल | या | प | न | ■ | क्री | ■ | मा |
| धू | ■ | ड़ | ■ | ■ | मा | खा | न | चो | र |
| स | न | का | ना | ■ | ना | ■ | न | ट | ना |

## सुडोकू-पहेली-3225

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | 4 | | | 3 | |
| | 3 | | | | 8 | | 7 | |
| | 6 | | | | 7 | 8 | | |
| 4 | | | | | | | | 1 |
| 1 | | 7 | | 2 | | | | 8 |
| | | | 4 | | 3 | | | |
| | 5 | 1 | | | | | | |
| | | | | | | 9 | | |
| | | | | 7 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3–3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3224 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 6 | 9 | 7 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 |
| 1 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 7 | 6 | 2 |
| 2 | 4 | 9 | 1 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 |

# कोलकाता में आग से तबाह झुग्गी बस्तियों के निवासियों में एसआईआर का डर, राख हो चुके हैं पहचान पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में हाल ही में आग से तबाह हुई झुग्गी बस्तियों के निवासियों की चिंता पहचानपत्रों के जलकर राख होने के कारण बढ़ गई है क्योंकि मौजूदा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान इन लोगों के मतदाता सूची से बाहर होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। ये झुग्गी बस्तियां तपसिया के मजदूरपाड़ा से लेकर न्यू अलीपुर के दुर्गापुर पुल के नीचे तक बसी हैं। इन सभी इलाकों में डर एक जैसा है: कई लोगों को चिंता है कि आधार कार्ड, मतदाता पहचानपत्र या पैन कार्ड के बिना, इस साल के सत्यापन अभियान के दौरान उन्हें मतदाता सूची में 'अस्तित्व रहित' के रूप में चिह्नित किया जा सकता है। आग की घटनाओं के बाद तिरपाल, टिन की प्लेट या जो कुछ भी बचा था, उससे अस्थायी घर बनाने वाले सैकड़ों लोगों के लिए, पहचान पत्रों का नुकसान उनके घरों के नुकसान से कहीं अधिक पीड़ा दायक साबित हो रहा है।

बीनापानी मंडल पगलाडांगा में अपनी पुनर्निर्मित झोपड़ी के ढांचे के बाहर बैठी थीं, जो अब भी अप्रैल में नहर किनारे स्थित उनकी बस्ती में लगी आग से पीड़ित हैं। उनका सबसे बड़ा डर उनके बड़े बेटे राजेश को



लेकर है, जो गुजरात में एक 'ग्रिल फैक्टरी' में काम करता है। उसका आधार, वोटर आईडी और पैन कार्ड, सब उसी रात जलकर राख हो गए। मंडल ने बताया कि मैं अपने दस्तावेज तो वापस ले आई, लेकिन उसके दस्तावेज गायब हो गए। अगर वे कह दें कि वह यहां का नहीं है तो क्या होगा? अगर उसे बाहर निकाल दिया जाए तो क्या होगा? मंडल की आवाज भर्राई हुई थी क्योंकि बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) फॉर्म, सूचियां और सत्यापन पत्रक लेकर लगातार इलाके का दौरा कर रहे थे। स्वप्ना ने कई सप्ताह तक सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटे, बायोमेट्रिक्स, तस्वीर और हलफनामों के लिए कई बार लौटाई गई। लेकिन राजेश राज्य के बाहर काम करता है, इसलिए उसके दोबारा किये गए आवेदन अब भी लंबित हैं। उसने कहा कि वह दिसंबर में आएगा, लेकिन अगर बहुत देर हो गई तो क्या होगा?

न्यू अलीपुर के दुर्गापुर पुल के नीचे, पिछले साल दिसंबर में लगी आग में अपने घर गंवाने वाले कई परिवारों की चिंताएं भी ऐसी ही हैं। बेबी दास एक अस्थायी आश्रय में रहती हैं जहां टिन की छत पर ईंटों को टिकाया गया है ताकि वह हवा में न उड़ सकें। बेबी ने कहा कि मेरा आधार फिर से जारी हो गया है। लेकिन मेरा वोटर कार्ड अभी भी लंबित है। मैं बहुत डरी हुई हूं। उनके पति विकास अपनी जलती हुई झोपड़ी के गिरने से कुछ क्षण पहले ही अंदर भागकर अपने दस्तावेज बचाने में कामयाब रहे, लेकिन बेबी के दस्तावेज नहीं मिल सके।

तपसिया के मजदूरपाड़ा में भी ऐसी ही स्थिति है जहां आग ने झोपड़ियों की एक कतार को जलाकर राख कर दिया था। मजदूरपाड़ा के कुछ निवासी दस्तावेज बचाने में कामयाब रहे, जबकि अचानक लगी आग में फंसे अधिकतर लोग ऐसा नहीं कर पाए। मजदूरपाड़ा की आयशा खातून ने कहा कि मैंने एक बैग, आधार कार्ड, वोटर कार्ड और पैन कार्ड उठाया और भाग गई। आयशा के पास खड़ी एक अन्य महिला ने कहा कि उसने अपने दस्ता-वेज बचा लिए। लेकिन जो नहीं बचा सके, उनका क्या होगा?

**TENDER NOTICE**
E-Tender for construction of 13 nos civil works under the jurisdiction of Basanti Block have been invited by the undersigned. Details of which as noted below:
Bid Submission Date: 19.11.2025
Bid Closing Date: 13.12.2025.
Details can be collected from the website http://wbtenders.gov.in & office Notice Board.
**BLOCK DEVELOPMENT OFFICER**
**BASANTI DEVELOPMENT OFFICER**
**South 24 Parganas**

**NAME CHANGE**
I, AYESHA RASHID, D/O.- Sk. Adil Rashid, R/O.- 8, Sree Nath Babu Lane, VTC: Chittaranjan Avenue, PO: Chittaranjan Avenue, Kolkata-700 073, W.B., have changed my name from PANNA BEGUM to AYESHA RASHID vide affidavit no. 631, dated- 12.11.25 in the Court of Ld. Judicial Magistrate (1st Class) at Kolkata. Henceforth I shall be known as AYESHA RASHID in place of PANNA BEGUM. PANNA BEGUM and AYESHA RASHID are same and one identical person.



## अगले तीन दिनों में राज्य में न्यूनतम तापमान बढ़ सकता है 2-3 डिग्री सेल्सियस तक

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईएमडी ने कहा कि अगले सात दिनों तक राज्य में शुष्क मौसम बना रहेगा। इसमें कहा गया है कि अगले तीन दिनों में पश्चिम बंगाल के सभी जिलों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी और उसके बाद कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार को दार्जिलिंग 8.4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ राज्य में सबसे ठंडा रहा, जबकि एक अन्य हिमालयी शहर कलिम्पोंग 12 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ दूसरा सबसे ठंडा शहर रहा। राज्य के मैदानी इलाकों में बीरभूम जिले का श्रीनिकेतन 14.6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे ठंडा रहा। आईएमडी ने बताया कि कोलकाता में न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.5 डिग्री सेल्सियस कम है।

## निकाय भर्ती घोटाला : मंत्री सुजीत बोस की बेटी ईडी के समक्ष हुईं पेश




**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के अग्निशमन सेवा मंत्री सुजीत बोस की बेटी नगर निगम में हुई भर्तियों में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मोहिनी बोस अपने कानूनी सलाहकार के साथ दोपहर करीब 12 बजे ईडी के साल्टलेक स्थित कार्यालय पहुंचीं। अधिकारी ने कहा कि मोहिनी से कुछ विशिष्ट लेन-देन के बारे में पूछताछ की गई है। बता दें कि केंद्रीय एजेंसी ने गत सोमवार को मंत्री के दामाद से भी कई घंटों तक पूछताछ की थी। अधिकारी ने कहा कि हम होटल और आतिथ्य क्षेत्र में संभावित निवेश पर भी विचार कर रहे हैं। मंत्री की बेटी को जारी किए गए समन का उद्देश्य इन सभी वित्तीय लेन-देन को स्पष्ट करना है।

## कोलकाता में ओसी स्तर के 21 अधिकारियों का तबादला व पदोन्नति

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनावी आहट व एसआईआर के बीच कोलकाता पुलिस में व्यापक फेरबदल किए गए। अधिकारिक सूत्रों ने उक्त जानकारी दी। कोलकाता पुलिस में मंगलवार को बड़े पैमाने पर फेरबदल किया गया। पुलिस मुख्यालय लालबाजार ने इंस्पेक्टर पद के कुल 21 अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। कई थानों के ऑफिसर-इन-चार्ज (ओसी) बदले गए हैं। पुलिस के मुताबिक, मानिकतला थाने के अतिरिक्त ओसी बीरेश्वर राय को तालतला थाने का नया ओसी बनाया गया है। वहीं, सिंथी थाने के अतिरिक्त ओसी मनीष मजूमदार अब उल्टाडांगा थाने की कमान संभालेंगे। टॉलीगंज थाने के अतिरिक्त ओसी राजीव चट्टोपाध्याय को उसी थाने का ओसी नियुक्त किया गया है। बांसद्रोणी थाने के अतिरिक्त ओसी बिपुल विश्वास को टेंगरा थाने का नया ओसी बनाया गया है। वहीं, मुचीपाड़ा थाने के अतिरिक्त ओसी आशिष बसु को नॉर्थ पोर्ट थाने का ओसी नियुक्त किया गया है। इन महत्वपूर्ण पदस्थापनों के साथ शहर की कानून-व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। इसके अलावा, कई थानों में अतिरिक्त ओसी स्तर पर भी बदलाव किए गए हैं। टेंगरा थाने के अतिरिक्त ओसी राजीव सरकार अब मुचीपाड़ा थाने में अतिरिक्त ओसी की जिम्मेदारी संभालेंगे। तालतला थाने के अतिरिक्त ओसी प्रशांत कुमार दास को पर्णश्री थाने का अतिरिक्त ओसी बनाया गया है। बांसद्रोणी थाने में दीपक मंडल को नया अतिरिक्त ओसी नियुक्त किया गया है। इसी तरह प्रशांत कुमार घोष को टेंगरा थाने का अतिरिक्त ओसी बनाया गया है, जबकि सागर मुखर्जी अब टॉलीगंज थाने में अतिरिक्त ओसी होंगे। मृन्मय मजूमदार को उल्टाडांगा थाने का अतिरिक्त ओसी नियुक्त किया गया है। सिंथी थाने में सुबीर साहा अतिरिक्त ओसी के पद पर पदस्थापित होंगे। पर्णश्री थाने के अतिरिक्त ओसी प्रसेनजित धर को मानिकतला थाने में भेजा गया है। इसके अलावा, पार्थ प्रतिम चक्रवर्ती को प्रगति मैदान थाने का नया अतिरिक्त ओसी बनाया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह फेरबदल प्रशासनिक कामकाज को सुचारु करने और शहर में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है।

## निर्वाचन आयोग राज्य में एसआईआर के दौरान फर्जी मतदाताओं का पता लगाने के लिए एआई की लेगा मदद

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान फर्जी या मृत मतदाताओं के नाम शामिल होने से रोकने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित सत्यापन प्रणाली शुरू करने की तैयारी में है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मतदाता डेटाबेस में तस्वीरों में चेहरे की समानता का विश्लेषण करके एआई प्रणाली कई स्थानों पर पंजीकृत व्यक्तियों की पहचान करने में मदद करेगी। अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं की तस्वीरों विशेषकर प्रवासी श्रमिकों की तस्वीरों के दुरुपयोग के संबंध में शिकायतों की संख्या में वृद्धि के कारण हम एआई की मदद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि एआई से चेहरे की मिलान प्रौद्योगिकी का उपयोग उन मामलों का पता लगाने के लिए किया जाएगा, जहां एक ही मतदाता की तस्वीर मतदाता सूची में कई स्थानों पर दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि यह उपाय महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि ऐसी शिकायतें बढ़ रही हैं कि मतदाता पंजीकरण के दौरान प्रवासी श्रमिकों की तस्वीरों का दुरुपयोग किया जा रहा है। हालांकि, अधिकारी ने कहा कि बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) सत्यापन प्रक्रिया में केंद्रीय भूमिका निभाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि एआई सत्यापन में सहायता करेगा। लेकिन प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के बावजूद बीएलओ की भूमिका महत्वपूर्ण बनी रहेगी। उन्हें घर-घर जाकर मतदाताओं की तस्वीरें लेनी होंगी। उन्होंने कहा कि यदि गणना और फॉर्म भरने के बाद कोई फर्जी या मृत मतदाता पाया जाता है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ की होगी।

**सियालदह मंडल के तहत ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

सियालदह मंडल के तहत **सियालदह और बिधाननगर रोड** स्टेशनों के बीच ब्रिज सं. 1 (किमी 0/18V - 0/31V) की लाइन सं. 5 पर **दिनांक 19.11.2025 (बुधवार) को 23.45 बजे से दिनांक 20.11.2025 (बृहस्पतिवार) को 03.30 बजे तक 3 घंटे 45 मिनट के ट्रैफिक और पावर ब्लॉक** के कारण, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा:-

- **निरस्तीकरण [दिनांक 19.11.2025 (बुधवार)]: (1) 31447 अप** सियालदह - नैहाटी लोकल, **(2) 31450 डाउन** नैहाटी - सियालदह लोकल, **(3) 32249 अप** सियालदह - डानकुनी लोकल और **(4) 32252 डाउन** डानकुनी - सियालदह लोकल
- **संक्षिप्त यात्रा समाप्त और संक्षिप्त यात्रा शुरू : 31542 डाउन** शांतिपुर - सियालदह लोकल दिनांक 19.11.2025 (बुधवार) को बैरकपुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **31511 अप** सियालदह - शांतिपुर लोकल दिनांक 20.11.2025 (बृहस्पतिवार) को बैरकपुर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी
- **मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का नियंत्रण: 13106 डाउन बलिया-सियालदह एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 19.11.2025) को मार्ग में दिनांक 20.11.2025 (बृहस्पतिवार) को 01 घंटा 30 मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा
- **पुनर्निर्धारण: 53171 अप सियालदह-लालगोला पैसेंजर** 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी अर्थात दिनांक 20.11.2025 (बृहस्पतिवार) को ब्लॉक रद्द होने के बाद, सियालदह से 03.45 बजे के बदले 04.15 बजे छूटेगी। ब्लॉक अवधि के दौरान ट्रेन सेवा में विलंब हो सकता है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## हाई कोर्ट ने दी शुभेंदु अधिकारी की सभा को मंजूरी, ट्रैफिक व्यवस्था पर सख्त चेतावनी

**कोलकाता/पूर्व बर्धमान :** कोलकाता हाई कोर्ट ने पूर्व बर्धमान में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की प्रस्तावित सभा को मंजूरी दे दी है। पुलिस द्वारा अनुमति न दिए जाने के बाद भाजपा यह मुद्दा लेकर अदालत पहुँची थी। सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभा निर्धारित समय और निर्धारित स्थान पर ही आयोजित करनी होगी तथा ट्रैफिक व्यवस्था में किसी भी तरह की बाधा नहीं आनी चाहिए।

भाजपा ने राज्य की कानून-व्यवस्था और अन्य मुद्दों को केंद्र में रखकर इस सभा का आयोजन किया है, जिसमें शुभेंदु अधिकारी की उपस्थिति तय है। प्रशासन द्वारा अनुमति न मिलने पर भाजपा अदालत पहुँची, और अदालत ने सभा के पक्ष में फैसला सुनाया।

हाई कोर्ट ने कहा है कि सभा के दौरान ट्रैफिक और आम जनता की आवाजाही प्रभावित नहीं होनी चाहिए, और पुलिस को सुरक्षा तथा भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान देना होगा। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि सभा के दिन कानून-व्यवस्था और ट्रैफिक प्रबंधन की विस्तृत योजना बनाकर 19 नवंबर तक रिपोर्ट जमा की जाए। इसके अलावा, सभा समाप्त होने के बाद पूरे कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट भी अदालत में दायर करनी होगी।

हाई कोर्ट के आदेश के बाद भाजपा ने कहा कि वे नियमों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से सभा करेंगे। वहीं, राज्य प्रशासन ने ट्रैफिक नियंत्रण को लेकर सख्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

## बीएलओ तृणमूल नियंत्रित स्थानों से 'अवैध' एसआईआर कर रहे, भाजपा का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा**

भाजपा ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग से तृणमूल कांग्रेस नियंत्रित सामुदायिक भवनों से बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा संचालित कथित 'अवैध एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) शिविरों' के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। इसके साथ ही भाजपा ने दावा किया कि यह कवायद राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की निष्पक्षता का उल्लंघन है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे एक पत्र में भाजपा नेता शिशिर बाजोरिया ने निर्वाचन आयोग के मानदंडों का 'गंभीर और संगठित उल्लंघन' बताया और आरोप लगाया कि राज्य के कई हिस्सों में बीएलओ अनिवार्य रूप से घर-घर जाकर सत्यापन करने के बजाय राजनीतिक नियंत्रण वाले परिसरों से एसआईआर संबंधी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। बजोरिया ने विधाननगर विधानसभा क्षेत्र में प्रसारित एक कथित निर्देश की ओर ध्यान दिलाया जिसमें पार्ट-133 के मतदाताओं को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे के बीच फॉर्म भरकर, परिवार के सभी सदस्यों के मूल मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड लेकर सत्यापन के लिए एक सामुदायिक भवन में आने का निर्देश दिया गया है। पत्र में लिखा है कि पार्ट-133 के बीएलओ और बीएलए सामुदायिक भवन में मौजूद रहेंगे। परिवार का कोई एक सदस्य सभी के मूल मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड लेकर आएगा, जो सत्यापन के बाद वापस कर दिए जाएंगे। भाजपा नेता ने दावा किया कि संबंधित सामुदायिक भवन 'तृणमूल के एक मंत्री और नगरपालिका अध्यक्ष के नियंत्रण में' है और उन्होंने एसआईआर में राजनीतिक हस्तक्षेप का आरोप लगाया। भाजपा ने मांग की कि निर्वाचन आयोग कोलकाता के निकट विधाननगर में लगे शिविर से शुरुआत करते हुए, राजनीतिक रूप से आयोजित ऐसे सभी एसआईआर शिविरों को तुरंत बंद करे।

## बंगाल चुनाव में भाजपा का बड़ा दांव! 500 करोड़ से अधिक खर्च की तैयारी

**कोलकाता :** बिहार के बाद अब भारतीय जनता पार्टी का अगला बड़ा लक्ष्य है पश्चिम बंगाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में साफ कर दिया है कि 2026 के विधानसभा चुनावों में पार्टी पूरी ताकत झोंकने जा रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस बार प्रचार अभियान और संगठनात्मक गतिविधियों पर 500 करोड़ रुपये से अधिक खर्च का प्रारंभिक अनुमान तैयार किया गया है। हालांकि, अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि वास्तविक खर्च 1,000 करोड़ रुपये तक पहुँच सकता है।

पार्टी नेतृत्व ने इस बार धन-व्यय में पारदर्शिता और नियंत्रण



सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली से सीधी निगरानी की व्यवस्था की है। चुनावी अवधि में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बंगाल में रहकर संपूर्ण खर्च पर नज़र रखेंगे। संगठनात्मक रणनीति की जिम्मेदारी सुनिल बंसल के पास है, जबकि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव चुनावी समिति के प्रमुख नियुक्त हुए हैं।

भाजपा ने जिन 153 सीटों को लक्ष्य सीट माना है, उन पर सामान्य से दोगुना खर्च निर्धारित किया गया है। अनुमान के अनुसार, प्रति सीट न्यूनतम 1 करोड़ रुपये खर्च किए जाने की संभावना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियों, उनकी यात्रा, हेलिकॉप्टर उपयोग और होटल खर्च दिल्ली द्वारा सीधे वहन किए जाते हैं, इसलिए इन्हें राज्य बजट में शामिल नहीं किया गया है।

2021 में भारी खर्च के बावजूद सफलता हाथ नहीं लगी थी-अब 2026 में क्या इगझ अपने लक्ष्य तक पहुँच पाएगी?-यह सवाल पार्टी के भीतर भी चर्चा का विषय है।

## बजबज में नाका चेंकिंग के दौरान हथियारों का जखीरा बरामद, एक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण 24 परगना जिले के बजबज क्षेत्र में पुलिस ने रविवार की देर रात की गई विशेष नाका चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कई अवैध आग्नेयास्त्र जब्त किए। आरोपित का नाम मौनफ पार्से उर्फ बाबू है, जो मूलतः बिहार का रहने वाला बताया जा रहा है और काम के सिलसिले में लंबे समय से बजबज में रह रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में हाल ही में हुए धमाके के बाद पूरे देश में सुरक्षा व्यवस्था और नाका चेकिंग सख्त कर दी गई है। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध हथियारों के साथ कोई गुजरने वाला है।

सूचना के आधार पर बजबज थाना क्षेत्र में रातभर नाका चेकिंग चलायी गई। तलाशी के दौरान एक नौ एमएम पिस्तौल, दो वन-शटर बंदूकें और कई राउंड कारतूस बरामद किए गए।

डायमंड हार्बर पुलिस जिला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मिथुन कुमार दे ने बताया कि गुप्त सूचना मिलते ही अभियान चलाया गया और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे अदालत में पेश किया जाएगा तथा पुलिस हिरासत में लेकर आगे पूछताछ की जाएगी। पुलिस यह जांच कर रही है कि हथियार कहां से आए, किसके पास पहुंचाने थे और आरोपित कब से इस नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। क्या वह सिर्फ सप्लायर के तौर पर काम कर रहा था या किसी बड़े गिरोह का हिस्सा है, इसकी भी जांच जारी है। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/66, दिनांक: 17.11.2025,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **(1) 10251918;** सपोर्टिंग लैबिरिंथ रिंग का सेट; रु.6,80,580/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 05.12.2025 को 13.30 बजे, (2) 15255101;** रोटरी स्क्रू विद्युत चालित एयर कम्प्रेसर 500 सीएफएम आदि की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ करना; रु.1,39,620/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 10.12.2025 को 13.30 बजे, (3) 20251099;** भेल ईएमयू के मेन कम्प्रेसर के लिए इंटर/आफ्टर कूलर; रु.1,26,220/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 18.12.2025 को 13.30 बजे, (4) 15245098ए;** डीजल जेनरेटर सेट 400 केवीए; रु.1,30,000/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 10.12.2025 को 13.30 बजे, (5) 20251031ए;** ईपी मैग्नेट वाल्व असेंबली; रु.1,69,580/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 08.12.2025 को 13.30 बजे, (6) 11251007ए;** लोअर स्प्रिंग बीम आदि का क्रय; रु.4,08,580/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 03.12.2025 को 13.30 बजे,(7) 21251356ए;** बीओएक्सएनएचएल वैगन आदि के लिए बोगी सेंटर पिवॉट बॉटम असेंबली; रु.2,66,400/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 10.12.2025 को 13.30 बजे, (8) 15255034ए;** ई-70 ब्रेकिंग सिस्टम के कम्पोनेंट के लिए परीक्षण सुविधाओं की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ करना; रु. 4,09,400/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 03.12.2025 को 13.30 बजे, (9) 11251642ए;** 4.5वी केडब्ल्यू अंडरस्लंग टाइप कॉन्सटैंट वोल्टेज रेगुलेटेड कम इमर्जेंसी बैटरी चार्जर आदि; रु.17,07,000/- **निविदा खुलने की तिथि और समय: 08.12.2025 को 13.30 बजे, (10) 1125261 7बी;** स्फेरोइलास्टिक रबर बेयरिंग; रु.2,70,310/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 02.12.2025 को 13.30 बजे, (11) 20251036ए;** एससीएचएकेसी के लिए ड्रॉ एवं बफ गियर; रु.2,79,620/-. **(12) 20251133ए;** एसी ईएमयू मोटर कोच के लिए सॉलिड गियर व्हील 91 टीथ; रु.1,43,020/-. **(13) 20251730;** साइज-870 मिमी X 2925 मिमी X 6 मिमी का सिंगल पीस लुकआउट ग्लास; रु.1,28,970/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 08.12.2025 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 11 से 13 हेतु), **(14) 22255805;** हाइड्रोफिलिक ऐक्रेलिक इंट्रा ऑक्यूलर लेंस, सिंगल पीस, $360^0$ पश्च वर्गाकार किनारा डिज़ाइन के साथ फ़ोल्डेबल, एस्फेरिक, बायोकॉन्वेक्स ऑप्टिक्स, दो हेप्टिक क्लोज्ड लूप डिज़ाइन, यूएसएफडीए अनुमोदित/सीई/बीआईएस होना चाहिए, ऑप्टिक आकार: 6 मिमी, +/- 10%, कुल व्यास 12.50 मिमी-13 मिमी होना चाहिए, कम से कम +10 से +30डी स्फेरिकल समतुल्य की पावर रेंज होनी चाहिए, यूवी अब्जॉर्बर टेक्नोलॉजी, ऑपरेशन के बाद स्पेक्टेकल फ्री डिस्टेंस और इंटरमीडिएट विज़न प्रदान करनी चाहिए, पूरी तरह से प्रीलोडेड इंजेक्टर सिस्टम के साथ आपूर्ति की जानी चाहिए। [एआई(2025-26), आइटम कोड संख्या एस-55108, क्रम संख्या 379]; रु.1,13,190/-, **(15) 20251872;** बोगी माउंटेड ब्रेक सिलिंडर संपूर्ण; रु.1,28,890/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 15.12.2025 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 14 एवं 15 हेतु), **(16) 04255019;** अनेक्सर-ए के अनुसार हाइड्रॉलिक, न्यूमैटिक एवं इंजन होज का सेट (एक सेट में 80 आइटम शामिल); रु.4,58,800/-, **(17) 04255024;** अनेक्सर-ए के अनुसार इलेक्ट्रिकल आइटमों का सेट (एक सेट में 101 आइटम शामिल); रु.9,52,100/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 10.12.2025 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 16 एवं 17 हेतु), **(18) 01251005ए;** 25 एनबी हेवी ड्यूटी सीमलेस पाइप ब्लैक, लंबाई 6 मी. आदि...; रु.1,78,000/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 04.12.2025 को 13.30 बजे, (19) 11252694;** एयर स्प्रिंग असेंबली कैपासिटी 160 केएन; रु.5,12,420/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 09.12.2025 को 13.30 बजे, (20) 21245004सी;** बी.जी. बीवीसीएम वैगन आदि के लिए फ्रिक्शन डैंपिंग अरेंजमेंट के साथ कैसनब-25एचएस कास्ट स्टील बोगियों का क्रय; रु.8,12,030/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 05.12.2025 को 13.30 बजे, (21) 08251052ए;** 30 लीटर क्षमता के वाटर बॉयलर का क्रय; रु.1,88,080/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: : 08.12.2025 को 13.30 बजे, (22) 22255682;** इंज. रैनिबिजुमैब 1.65 एमजी/0.165 एमएल पीएफएस; रु.0/-., **निविदा खुलने की तिथि और समय: 02.12.2025 को 13.30 बजे, निविदा मूल्य :** रु.0 (क्रम सं. 1 से 22 प्रत्येक हेतु)। **टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-50/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# राजभवन ने कल्याण बनर्जी के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद कल्याण बनर्जी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। सूत्रों के मुताबिक, राजभवन की ओर से हेयर स्ट्रीट थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। बता दें कि हाल ही में, कल्याण ने दावा किया था कि राजभवन के अंदर बम और बंदूकें रखी हैं। इसके बाद, गत सोमवार को राजभवन की तलाशी ली गई थी। जानकारी के मुताबिक,



राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कोलकाता पुलिस, राजभवन पुलिस, सीआरपीएफ, बम स्क्वायड। डॉग स्क्वायड को राजभवन बुलाया और पूरे राजभवन की जांच करवाई। हालांकि, इस दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद ही राज्यपाल ने तृणमूल सांसद के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार को राजभवन ने तृणमूल सांसद के खिलाफ हेयर स्ट्रीट थाने में शिकायत दर्ज कराई। राजभवन सूत्रों के अनुसार, कल्याण बनर्जी के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह भड़काने के आरोप में आईपीसी की धारा 151 और 152 के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही, राज्य के संवैधानिक प्रमुख पर झूठे आरोप लगाने के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 197 भी लगाई गई है। इसके अलावा, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए आईपीसी की धारा 196(1) भी लगाई गई है। साथ ही, जनमत में दहशत फैलाने के लिए आईपीसी की धारा 153(1)(बी), 153(1)(सी), 153(2) भी लगाई गई है।

### मैं बोस से ज़्यादा क़ानून समझता हूं : कल्याण बनर्जी

इधर, श्रीरामपुर से तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी का कहना है कि चिट्ठी देने का मतलब एफआईआर नहीं होता। उन्होंने कहा कि मैं सीवी आनंद बोस से ज़्यादा क़ानून समझता हूं। उन्हें जो करना है करने दो। मुझे ऐसे हज़ारों सीवी आनंद बोस दिखाई देते हैं। एक बेकार इंसान, उन्होंने भड़काऊ बातें कही हैं। बोस ने जो भी धाराएं कही हैं, वो सभी उनके केस में लगनी चाहिए।

www.samagya.in

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

## एसएससी परीक्षा के अभ्यर्थियों ने दूसरे दिन भी निकाली रैली, जताया विरोध

**कोलकाता, समाज्ञा**



उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद अपनी नौकरी गंवाने वाले लोगों में शामिल और शिक्षक बनने के इच्छुक करीब 100 अभ्यर्थी मंगलवार को दूसरे दिन भी राज्य शिक्षा विभाग के मुख्यालय के पास सड़कों पर उतरे और साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची में अपना नाम नहीं होने को लेकर विरोध जताया।

प्रदर्शनकारियों में से एक और 'योग्य शिक्षक अधिकार मंच' के प्रवक्ता चिन्मय मंडल ने करुणामयी बस अड्डे से साल्टलेक स्थित शिक्षा विभाग के मुख्यालय विकास भवन तक रैली का नेतृत्व किया, जहां पुलिस ने उन्हें रोक लिया और वाहनों में बिठाकर दूसरी जगह ले गए। मंडल ने कहा कि अब हम क्या करेंगे? मुख्यमंत्री ने बेदाग शिक्षकों को हिम्मत न हारने का आश्वासन दिया था। उन्होंने वर्ष 2016 की एसएससी परीक्षा में मेरिट के आधार पर नौकरी पाने वाले शिक्षकों के लिए प्लान ए, बी या सी के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा कि सरकार जरूरी कदम उठाएगी। हम शिक्षा मंत्री या विभाग के किसी वरिष्ठ अधिकारी से मिलने आए थे। लेकिन पुलिस हमें ले जा रही है। वर्ष 2025 में पहली बार परीक्षा देने वाले और लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले लोगों के एक अन्य समूह ने, जिन्हें 'उच्च अंक प्राप्त करने के बावजूद' साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया था, विकास भवन से लगभग एक किलोमीटर दूर एसएससी मुख्यालय के सामने धरना देने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया।

पहली बार परीक्षा दे रही एक अभ्यर्थी देबजानी बारिक ने कहा कि हम मुख्यमंत्री या शिक्षा मंत्री से मिलकर यह जानना चाहते हैं कि हमें साक्षात्कार के लिए क्यों नहीं चयनित किया गया। हम जानना चाहते हैं कि कुछ दागी शिक्षकों को साक्षात्कार के लिए क्यों बुलाया गया और उन्हें 10 अंक अतिरिक्त क्यों दिए गए। हमने लिखित परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और फिर भी हमारे साथ भेदभाव किया जा रहा है।

## यूपी का कुख्यात गैंगस्टर कोलकाता से गिरफ्तार, 20 से अधिक दर्ज हैं आपराधिक मामले

❑ **तिहाड़ जेल से पैरोल पर हुआ था फरार, कोलकाता में छिपकर चला रहा था ऐप बाइक**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने मंगलवार को कोलकाता के रिपन स्ट्रीट इलाके से उत्तर प्रदेश के कुख्यात गैंगस्टर मोहम्मद सोहराब को गिरफ्तार किया। पार्क स्ट्रीट थाने की पुलिस के सहयोग से दोपहर में उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोहराब एक जुलाई को दिल्ली के तिहाड़ जेल से पैरोल पर बाहर आया था। पैरोल की अवधि पूरा होने के बाद वह हाजिर नहीं हुआ था और फरार चल रहा था। पिछले कई महीने से दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और उत्तर



प्रदेश एसटीएफ उसकी तलाश कर रही थी। उसका कोई अता पता नहीं चल रहा था। उसके नेपाल भागने की भी आशंका जताई जा रही थी। गिरफ्तार सोहराब के खिलाफ उत्तर प्रदेश में कई लोगों की हत्या व लूट की वारदातों सहित 20 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सोहराब पिछले करीब चार माह से कोलकाता के मुस्लिम बहुल रिपन स्ट्रीट में एक किराए का घर लेकर रह रहा था। वह यहां दूसरे के परिचय पत्र का इस्तेमाल कर ऐप बाइक चलाने का काम कर रहा था। कोलकाता पुलिस के सूत्रों के अनुसार, उसे बुधवार को यहां अदालत में पेश किया जाएगा। दिल्ली पुलिस की टीम उसे ट्रांजिट रिमांड पर ले जाएगी। उससे कड़ी पूछताछ की जा रही है। कोलकाता में छिपने के उद्देश्य का भी पता लगाया जा रहा है। उसकी गिरफ्तारी के बाद यह भी सवाल उठ रहे हैं कि वह कोलकाता में इतने महीनों से रह रहा था और यहां की पुलिस को इसकी कानों कान भनक तक नहीं थी।

### एक्सेलसॉफ्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का आईपीओ आज खुलेगा

**कोलकाता :** एक्सेलसॉफ्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (कंपनी) बुधवार, 19 नवंबर, 2025 को 10 अंकित मूल्य वाले अपने इक्विटी शेयरों (इक्विटी शेयर) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (प्रस्ताव) खोलने का प्रस्ताव रखती है। एंकर निवेशक बोली लगाने की तिथि बोली/प्रस्ताव खुलने की तिथि से एक कार्यदिवस पहले, मंगलवार, 18 नवंबर, 2025 है। बोली/प्रस्ताव की समाप्ति तिथि शुक्रवार, 21 नवंबर, 2025 है। कंपनी के इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) (बीएसई और एनएसई संयुक्त रूप से, स्टॉक एक्सचेंज) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। आनंद राठी एडवाइजर्स लिमिटेड इस पेशकश का एकमात्र बुक रनिंग लीड मैनेजर (बीआरएलएम) है।

## इजरा स्ट्रीट में अवैध पार्किंग व लटकते तारों पर एसोसिएशन ने दी शिकायत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के इजरा स्ट्रीट क्षेत्र में अनधिकृत पार्किंग और अव्यवस्थित लटकते केबल तारों की समस्या को लेकर द कलकत्ता इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन ने कोलकाता के मेयर जनाब फिरहाद हाकिम को एक औपचारिक शिकायत पत्र सौंपा है। एसोसिएशन के मानद सचिव आलोक कुमार सिंह द्वारा भेजे गए शिकायत पत्र में कहा गया है कि इजरा स्ट्रीट की संकरी सड़कों पर वाहनों की दो से तीन कतारों में अवैध पार्किंग की जा रही है, जिससे एकतरफा सड़क पर आवागमन बुरी तरह बाधित हो रहा है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि अवैध पार्किंग न केवल स्थानीय व्यापारियों के लिए परेशानी का कारण बन रही है, बल्कि आपात स्थिति में एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन और फायर ट्रक के समय पर नहीं पहुंच पाने का गंभीर खतरा भी उत्पन्न हो रहा है।

एसोसिएशन ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व बागरी मार्केट में लगी भीषण आग तथा हाल में इजरा स्ट्रीट में हुए हादसे ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्थाओं की कमजोरी को उजागर किया है। क्षेत्र में कई केबल तार खुले, उलझे या सड़कों पर खतरनाक तरीके से लटके हुए हैं, जो किसी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। एसोसिएशन ने इसे अत्यंत संवेदनशील मुद्दा बताते हुए तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है।

### इजरा स्ट्रीट में आगजनी के बाद दो इमारतें खुली

बड़ाबाजार के इजरा स्ट्रीट में गत शनिवार सुबह 26 नंबर इजरा स्ट्रीट पर लगी भीषण आग ने 27/30 और 32 नंबर इजरा स्ट्रीट स्थित दो इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया था। घटना के तीन दिन बाद ये दोनों इमारतें जांच के बाद खोल दी गई हैं। हालांकि, सुरक्षा कारणों से दोनों इमारतों में बिजली की आपूर्ति फिलहाल बंद रखी गई है। यह जानकारी सेटा के पूर्व अध्यक्ष उमाकांत अग्रवाल (बंटी) ने दी।

## एनसीएसएम की साइंस सिटी कोलकाता को जलवायु परिवर्तन गैलरी ऑन द एज? के लिए अंतरराष्ट्रीय सीआईएमयूएसईटी पुरस्कार



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता, समाज्ञा राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) की इकाई साइंस सिटी, कोलकाता को उसकी नवोन्मेषी जलवायु परिवर्तन गैलरी ऑन द एज? के लिए प्रतिष्ठित सीआईएमयूएसईटी अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह घोषणा दुबई में आयोजित 27वें आईकॉम महासम्मेलन के दौरान हुई, जिसने भारतीय विज्ञान संग्रहालय समुदाय को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर एक महत्वपूर्ण पहचान दिलाई। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संचालित साइंस सिटी की इस स्थायी गैलरी का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन की वास्तविकताओं को सरल, वैज्ञानिक और प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाना है। 10,000 वर्ग फुट में फैली यह गैलरी एआर/वीआर तकनीक, इमर्सिव इंस्टॉलेशन और इंटरैक्टिव एलईडी वॉल के माध्यम से जलवायु संकट, कारणों और समाधान को दर्शाती है। सीआईएमयूएसईटी पुरस्कार समिति के अध्यक्ष जैकब थोरेक जेन्सेन ने गैलरी को वैज्ञानिक दृढ़ता, सामुदायिक सहभागिता और समावेशिता का प्रभावशाली उदाहरण बताया। एनसीएसएम के महानिदेशक ए.डी. चौधरी ने कहा कि यह मान्यता जलवायु जागरूकता को बढ़ाने और साक्ष्य-आधारित सीख को बढ़ावा देने के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। साइंस सिटी के निदेशक प्रमोद ग्रोवर ने बताया कि 11 जनवरी 2025 को केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा उद्घाटन के बाद से गैलरी को अब तक 10 लाख से अधिक आगंतुकों ने देखा है। क्यूरेटर शुभ शंकर घोष के अनुसार, गैलरी छात्रों में जलवायु साक्षरता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।सीआईएमयूएसईटी पुरस्कार दुनिया में उन संस्थानों को सम्मानित करता है जो विज्ञान संचार के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन और स्थिरता को बढ़ावा देते हैं।

## शालीमार स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने पहुंचे दक्षिण पूर्व रेलवे के आईजी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे के आइजी-कुम-पी-सीएससी संजय कुमार मिश्रा ने मंगलवार को शालीमार रेलवे स्टेशन का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण से पहले उन्होंने आरपीएफ इंस्पेक्टर सुशील कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों के साथ एक बैठक की, जिसमें स्टेशन क्षेत्र की सुरक्षा, सतर्कता और यात्री सुविधाओं से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद आइजी मिश्रा ने स्टेशन के सभी प्रवेश और निकास द्वारों का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष, पार्किंग स्थल और प्लेटफॉर्म क्षेत्रों का भी जायजा



लिया। निरीक्षण के दौरान आइजी मिश्रा ने आरपीएफ अधिकारियों और जवानों को आवश्यक निर्देश देते हुए सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि स्टेशन परिसर में संदिग्ध गतिविधियों और वस्तुओं पर पैनी नजर रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने पार्किंग क्षेत्र में आने-जाने वाले वाहनों की नियमित और व्यवस्थित जांच सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया, ताकि सुरक्षा के किसी भी पहलू में चूक न हो।

## विश्व भारती विश्वविद्यालय के भाषा भवन में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**बीरभूम :** जिले के शांति निकेतन में स्थित विश्व भारती परिसर में स्थित भाषा भवन में मंगलवार को आग लग गई। अग्निशमन विभाग के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। केंद्रीय विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि पहली मंजिल पर भवन के बाहर लगे एक एसी में कक्षा शुरू होने से काफी पहले चिंगारियां दिखीं, और प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मियों ने कुछ ही मिनटों में इस पर काबू पा लिया। सूत्रों ने बताया कि दमकल की एक गाड़ी को घटनास्थल पर भेजा गया और अग्निशमन कर्मियों ने सुबह लगभग 9.30 बजे कक्षाएं शुरू होने से पहले आग पर काबू पा लिया।



सूत्रों ने बताया कि आग भाषा भवन की पहली मंजिल पर लगी थी। विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत उस हिस्से का बिजली कनेक्शन बंद कर दिया। प्रवक्ता ने बताया कि अग्निशमन विभाग द्वारा गहन जांच के बाद कोई खतरा न होने का संकेत दिए जाने के बाद इमारत में कक्षाएं फिर से शुरू हो गईं और प्रभावित हिस्से में बिजली कनेक्शन बहाल कर दिया गया है।

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर हावड़ा मंडल में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस को गरिमामय ढंग से मनाया। न्यू डीआरएम बिल्डिंग में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी गई। उनकी अदम्य वीरता, संघर्ष और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को याद करते हुए उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने गहरी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम की शुरुआत हावड़ा के डीआरएम विशाल कपूर द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण से हुई। समारोह में बिरसा मुंडा के



जीवन, संघर्ष और उनके सामाजिक तथा स्वतंत्रता आंदोलनों में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान को विस्तार से रेखांकित किया गया। अपने संबोधन में डीआरएम ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन हमें उद्देश्यपूर्ण संघर्ष, स्पष्ट दृष्टि, सामूहिकता और निस्वार्थ सेवा की सीख देता है। उन्होंने कर्मचारियों से इन मूल्यों को अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

### अमेजन क्रिएटर प्रोग्राम ने देशभर में दो करोड़ से अधिक ग्राहकों तक अपनी पहुंच बढ़ाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया ने घोषणा की है कि उसके क्रिएटर प्रोग्राम्स के जरिए इस वर्ष 2 करोड़ से अधिक खरीदारों तक क्रिएटर-आधारित प्रोडक्ट खोज पहुंची है। कंपनी के अनुसार, त्योहारी सीजन से पहले जहां क्रिएटर्स की संख्या 1 लाख थी, वहीं, अब यह बढ़कर 1.25 लाख से अधिक हो गई है, जो क्रिएटर इकॉनमी में 25% की तेज वृद्धि को दर्शाती है। अमेजन ने बताया कि करीब 70% क्रिएटर-आधारित खरीदारी नॉन-मैट्रो शहरों से आ रही है, जिसमें करनाल, भुवनेश्वर, विजयवाड़ा और देहरादून जैसे शहर शामिल हैं। इस सीजन में 40 लाख से ज्यादा ग्राहकों ने क्रिएटर्स के माध्यम से प्रोडक्ट्स खोजे, जबकि लाइफस्टाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी और होम कैटेगरी में सबसे अधिक मांग दर्ज की गई। अमेजन इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम के तहत टेक, फैशन, लाइफस्टाइल और फिटनेस जैसे क्षेत्रों के क्रिएटर्स को पर्सनलाइज्ड स्टोरफ्रंट और इंटरैक्टिव शॉपिंग अनुभव प्रदान किए जा रहे हैं।

## पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते में 10 बच्चों को बचाया



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत 10 बच्चों को बचाकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की। यह कार्रवाई रेलवे सुरक्षा बल की बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति लगातार प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जानकारी के अनुसार, 17 नवंबर को सियालदह और आसनसोल डिवीजन के आरपीएफ अधिकारियों ने कोलकाता और जसीडीह रेलवे स्टेशनों पर ट्रेन और स्टेशन परिसर में भटकते 10 नाबालिग लड़कों को बचाया। सभी बच्चों को तुरंत संबंधित चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंपा गया, जहां उन्हें काउंसलिंग और आगे की आवश्यक मदद प्रदान की जाएगी। बचाए गए बच्चों में से एक लड़का कोलकाता रेलवे स्टेशन पर अकेला भटकता मिला, जबकि नौ अन्य जसीडीह स्टेशन पर पकड़े गए, जो पुणे में काम की तलाश में जा रहे थे। इस अभियान के माध्यम से आरपीएफ ने बच्चों की सुरक्षा और उनके सही मार्गदर्शन को सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया।

## द हेरिटेज कॉलेज में अत्याधुनिक साइकोलॉजी लैब का उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** द हेरिटेज कॉलेज ने अपनी अत्याधुनिक साइकोलॉजी प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। यह सुविधा कॉलेज के शैक्षणिक ढांचे को और सशक्त बनाती है तथा छात्रों को मनोविज्ञान के वास्तविक उपयोग से जोड़ने का अवसर प्रदान करती है। उद्घाटन समारोह में निदेशक प्रो. बसब चौधुरी, प्रिंसिपल प्रो. संदीप पाल, जीएम संतोष राय सहित संकाय सदस्य, छात्र और मनोविज्ञान क्षेत्र से आए शिक्षाविद उपस्थित थे। नई स्थापित लैब में कॉग्निटिव और बिहेवियरल टेस्टिंग मॉड्यूल, मानकीकृत साइकोमेट्रिक टूल्स, स्मृति, ध्यान, अनुभूति और अधिगम संबंधी प्रयोगों की व्यवस्था, काउंसलिंग व अवलोकन कक्ष, तथा छात्र अनुसंधान परियोजनाओं के लिए शोध-सहायक अधोसंरचना शामिल है। यह लैब छात्रों को कक्षा से परे वास्तविक मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं को समझने का अवसर प्रदान करेगी।



प्रिंसिपल प्रो. संदीप पाल के अनुसार, वर्तमान समय में संरचित मनोवैज्ञानिक शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और कौशल-आधारित प्रशिक्षण की आवश्यकता तेजी से बढ़ रही है। यह लैब शोध गतिविधियों, कार्यशालाओं, फील्ड स्टडी, इंटर्नशिप और बहु-विषयक सहयोग का केंद्र बनेगी। हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि यह पहल छात्रों में संवेदनशीलता, वैज्ञानिक सोच और व्यवहारिक समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम का समापन लैब के दौरे, इंटरएक्टिव डेमो और आगामी शोध परियोजनाओं पर चर्चा के साथ हुआ। इस लॉन्च के साथ द हेरिटेज कॉलेज ने मनोविज्ञान, काउंसलिंग, एचआर और शिक्षा के क्षेत्रों में दक्ष, शोध-उन्मुख और सामाजिक रूप से जागरूक पेशेवर तैयार करने के अपने लक्ष्य को और मजबूत किया है।

### बंधन म्यूचुअल फंड ने 5 लाख तक के यूपीआई निवेश की सुविधा दी

**कोलकाता, समाज्ञा :** एनपीसीआई द्वारा हाल ही में यूपीआई लेनदेन सीमा को 1 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने के बाद बंधन म्यूचुअल फंड ने अपने प्लेटफॉर्म पर उच्च-मूल्य वाले यूपीआई निवेश को सक्षम कर दिया है। इस बदलाव के साथ निवेशक अब म्यूचुअल फंड में सीधे यूपीआई के माध्यम से तेज, सुरक्षित और बड़ी राशि का निवेश कर सकेंगे। कंपनी का कहना है कि बढ़ी हुई सीमा उसके डिजिटल प्लेटफॉर्म पर होने वाले 90% से अधिक निवेश लेनदेन को कवर करेगी, जिससे उपयोगकर्ताओं के लिए निवेश की प्रक्रिया और अधिक सरल होगी। निवेशक बंधन म्यूचुअल फंड की वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर 5 लाख तक का निवेश कर सकते हैं, बशर्ते उनके बैंक में बढ़ी सीमा सक्रिय हो। यह सुविधा एचडीएफसी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एक्सिस बैंक, फेडरल बैंक, यस बैंक, आईडीएफसी बैंक, एयरटेल पेमेंट्स बैंक, जियो पेमेंट्स बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक जैसे प्रमुख बैंकों में उपलब्ध है, जो निवेशकों को एक सहज और कुशल अनुभव प्रदान करती है।

### ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने दिखाया फैशन और टेक्नोलॉजी का भविष्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने गुरुग्राम संस्करण में 'द फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' थीम के साथ फैशन और टेक्नोलॉजी का एक अनोखा संगम पेश किया। शो की शुरुआत एक हाई-टेक आधुनिक प्रस्तुति से हुई, जिसमें एआई, डिजिटल आर्ट और इंटरैक्टिव विजुअल्स के माध्यम से फैशन को भविष्य की दुनिया में कदम रखते दिखाया गया। फाल्गुनी और शेन पीकॉक द्वारा डिजाइन किए गए इस शोकेस ने रनवे को एक इमर्सिव कैनवस में बदल दिया, जिसमें तमन्ना भाटिया की रोबोट्स के साथ एंट्री और शाहिद कपूर का होलोग्राफिक शोस्टॉपर मुख्य आकर्षण रहे। फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित इस आयोजन ने दिखाया कि दर्शक अब फैशन को देखने के साथ-साथ महसूस करना भी चाहते हैं। पर्नोड रिकर्ड इंडिया की सीएमओ देबाश्री दासगुप्ता ने कहा कि यह टूर फैशन प्रस्तुति को एक इंटरैक्टिव अनुभव में बदल रहा है। टूर का अगला चरण 6 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होगा।

## सियालदह डिवीजन ने उपनगरीय सेवाओं में सुधार और आधुनिकीकरण की नई पहल की शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन ने अपने उपनगरीय यात्री सेवाओं में बड़ा सुधार और आधुनिकीकरण करते हुए एक नई युग की शुरुआत की है। इस सुधार के तहत नई ट्रेनों (एसी और ईएमयू) का परिचालन, लोकप्रिय एसी लोकल सेवाओं का सप्ताहांत तक विस्तार और मार्ग में आवश्यक संशोधन किए गए हैं। सियालदह डिवीजन ने विशेष रूप से शाम के समय यात्रा करने वाले और सप्ताहांत यात्रियों के लिए नई सेवाओं की शुरुआत की है। नई एसी ईएमयू लोकल सेवा से सियालदाह से कल्याणी तक यात्रियों को आरामदायक और आधुनिक यात्रा का विकल्प मिलेगा। यह सेवा मुख्य रूप से कल्याणी क्षेत्र के छात्रों और मरीजों के लिए लाभकारी होगी। इस सेवा में विधाननगर, दमदम,



बेलघरिया, सोदेपुर, खड़दह, बैरकपुर, श्यामनगर, नैहाटी और कांचरापाड़ा में स्टॉपेज शामिल हैं। लोकप्रिय एसी लोकल सेवा को अब सप्ताहांत में भी विस्तार दिया गया है। सियालदह से कृष्णानगर सिटी जंक्शन तक की नई एसी ईएमयू लोकल (स्पेशल) सेवा रविवार को भी चलायी जाएगी।

दमदम कैंटोनमेंट से बनगांव तक नई लोकल ट्रेन सेवा की शुरुआत की गई है। इसके साथ ही बनगांव-बारासात मार्ग पर नई सेवाएं भी शुरू की गई हैं। इसके अलावा, बनगांव की ओर जाने वाली 'अप' ट्रेनों का मार्ग सुधार कर यात्रियों की भ्रमित होने की स्थिति को दूर किया जाएगा। दत्तापुर, ठाकुरनगर और गोबरडांगा जैसी स्टेशनों पर समाप्त होने वाली ट्रेनें अब बनगांव तक बढ़ाई जाएंगी। नई सेवाओं में अतिरिक्त स्टॉपेज भी जोड़े गए हैं, जैसे गोपालनगर और बामनगाछी ताकि यात्री अधिक सुविधाजनक यात्रा कर सकें। सियालदह के डीआरएम राजीव सक्सेना ने कहा कि ये सुधार, सियालदह डिवीजन की यात्री सुविधा और बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इन कदमों से मेट्रो उपयोगकर्ताओं और परिवारों दोनों के लिए यात्रा अधिक आरामदायक और सुगम होगी।

## अशोकनगर में प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं

❑ **भारी नुकसान की आशंका**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के अशोकनगर थाना इलाके में स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में मंगलवार को भयानक आग लग गई। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि आग में फैक्ट्री लगभग पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। शुरुआती तौर पर बताया जा रहा है कि भारी मात्रा में धन का नुकसान हुआ है। पुलिस और दमकल विभाग आग कैसे लगी इसकी जांच कर रहे हैं। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।



पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, प्लाईवुड फैक्ट्री अशोकनगर के तुलसा इलाके में स्थित है। हर दिन की तरह मंगलवार को भी फैक्ट्री में काम तय समय पर शुरू हुआ। फैक्ट्री के अलग-अलग हिस्सों में लकड़ी के पुर्जे और प्लाईवुड लगे हैं। काम के दौरान ही मजदूरों ने अचानक फैक्ट्री में आग देखी। मजदूरों में दहशत फैल गई। पहले तो मजदूरों ने खुद ही पानी से आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन, आग नहीं बुझी। कुछ ही देर में आग तेजी से पूरी फैक्ट्री में फैल गई। पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी गई। कुछ ही देर में दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने आग बुझाना शुरू कर दिया। अशोकनगर थाना पुलिस वहां पहुंची। फैक्ट्री के कर्मचारियों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया। माना जा रहा है कि प्लाइवुड ज्वलनशील होने की वजह से आग तेज़ी से फैली। कुछ देर बाद, दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि, बताया जा रहा है कि फैक्ट्री पूरी तरह से राख हो गई है। फैक्ट्री के आसपास का इलाका खाली है। इसलिए पुलिस का मानना है कि कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है। लेकिन आग कैसे लगी? क्या शॉर्ट सर्किट हुआ था? या कोई और वजह थी? यही सवाल है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है।

### लापता व्यक्ति का शव मिलने से फैली सनसनी

**हुगली :** हुगली जिले के तारकेश्वर थाने के चापाड़ांगा नरतला इलाके में मंगलवार दोपहर एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिवार और पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान 48 वर्षीय जन्मेजय सामंत के रूप में हुई है, जो कई दिनों से लापता थे। कुछ दिन पहले ही उनके परिवार की ओर से तारकेश्वर थाना में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन बहुत खोजबीन के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल पाया। मंगलवार दोपहर चापाड़ांगा रोड के नरतला इलाके में एक नाले में उनका शव तैरते हुए देखा गया। सूचना मिलते ही तारकेश्वर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मौत के कारण जानने के लिए पुलिस जांच में जुटी है।

# भाजपा ने राज्य भर में निकालीं एकता यात्रा, 'राष्ट्र-विरोधी' तत्वों को उखाड़ फेंकने का आह्वान

**कोलकाता/बीरभूम :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने मंगलवार को राज्यभर में कई 'एकता यात्रा' रैलियों का नेतृत्व किया। इस दौरान उन्होंने सभी राष्ट्रवादी और देशभक्त लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगे आने और 'राष्ट्र-विरोधी जिहादी' तत्वों को हराने का आह्वान किया। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी बीरभूम जिले के नानूर में आयोजित रैली में सबसे आगे रहे, जबकि केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने दक्षिण दिनाजपुर जिले में एक और रैली का नेतृत्व किया। शुभेंदु अधिकारी ने रैली की शुरुआत



में कहा कि 17 से 19 नवंबर की अवधि के दौरान, भाजपा ने राज्य में 121 स्थानों पर एकता यात्राएं आयोजित करने का आह्वान किया है। इसमें सभी राष्ट्रवादी और देशभक्तों से इसमें शामिल होने और राष्ट्र-विरोधी जिहादी तत्वों को करारा जवाब देने का अनुरोध किया गया है, और हजारों लोग स्वेच्छा से इसमें भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी राष्ट्र-विरोधी ताकतों और उन्हें बढ़ावा देने वालों को एक स्पष्ट संदेश देना चाहते हैं कि बंगाल और देश ऐसी ताकतों के लिए सुरक्षित पनाहगाह नहीं हो सकते। भाजपा नेताओं को तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यह 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले तेजी से कमजोर होती सत्तारूढ़ पार्टी की घबराहट का नतीजा है। उन्होंने कहा कि इस एकता यात्रा में, मैं 'ममता को वोट न दें' का आह्वान भी कर रहा हूं। मैं लोगों से कहूंगा कि वे देश की सुरक्षा और अखंडता तथा एक शांतिपूर्ण, समृद्ध राज्य के लिए भाजपा को वोट दें। आप किसी को भी वोट दें, लेकिन टीएमसी को अपने चुनाव से बाहर रखें। भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कोलकाता के पास न्यू टाउन में एकता रैली का नेतृत्व किया, जहां सैकड़ों लोगों ने 'भारत माता की जय' जैसे नारे लगाते हुए लगभग दो किलोमीटर की दूरी तय की।

## एसआईआर प्रक्रिया में किसी भी चूक के लिए अधिकारी जवाबदेह : निर्वाचन आयोग

### चुनाव आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने कोलकाता में की समीक्षा बैंठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान अगर कोई चूक पाई गई तो अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। यहां एक अधिकारी के अनुसार, उप निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश भारती ने कोलकाता में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बयान दिया। भारती ने निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों तथा कोलकाता उत्तर और कोलकाता दक्षिण लोकसभा क्षेत्रों के निर्वाचन अधिकारियों तथा मतदाता पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के साथ बैठकें कीं। इन बैठकों में मुख्य निर्वाचन



अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल भी मौजूद रहे। यहां एक अधिकारी ने कहा कि उप चुनाव आयुक्त ने बैठक के दौरान निर्वाचन आयोग के सख्त रुख को रेखांकित किया। कोलकाता उत्तर और कोलकाता दक्षिण के निर्वाचन अधिकारियों ने एसआईआर प्रक्रिया की प्रगति पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। दूसरी तरफ, शाम 6बजे तक राज्य में 7.63 करोड़ गणना फार्म वितरित किये जा चुके हैं, जो 99.66 प्रतिशत है। कुल 1.09 करोड़ मतदाता प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया गया है, जो वितरित कुल प्रपत्रों का 14.24 प्रतिशत है।

### गैरसरकारी स्कूल के शिक्षकों को भी अनुभव के अंक देने की मांग पर हाई कोर्ट में नई याचिका

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को लेकर विवाद एक बार फिर बढ़ गया है। शिक्षक भर्ती परीक्षा में अनुभव के लिये निर्धारित अतिरिक्त 10 अंक को लेकर कलकता उच्च न्यायालय में नयी याचिका दायर की गयी है। याचिका में कहा गया है कि जब सरकारी स्कूलों के कार्यरत शिक्षक अनुभव के आधार पर अंक पा सकते हैं, तब सरकार मान्यता प्राप्त गैरसरकारी स्कूलों के शिक्षकों को वही अधिकार क्यों नहीं दिया जा रहा। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि अनुभव का लाभ केवल सरकारी स्कूलों तक सीमित रखना उचित नहीं है। इसी मुद्दे पर मामला दाखिल किया गया है, जिसकी सुनवाई 28 नवम्बर को न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की पीठ में होने की संभावना है।

## हावड़ा में बाइक गैरेज में आग लगने से व्यक्ति की झुलसकर मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के अआंदुल स्थित मौड़ीग्राम में मंगलवार को बाइक गैरेज में भीषण आग लगने से एक व्यक्ति की झुलसकर मौत हो गई। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर भारी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बाइक गैरेज की आड़ में वहां अवैध रूप से तेल का कारोबार चलता था। बड़ी मात्रा में ज्वलनशील तेल जमा होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। तेज लपटों और घने धुएं के कारण दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। सूत्रों के अनुसार, आग लगने के समय गैरेज में मौजूद एक व्यक्ति



बुरी तरह झुलस गया, जिसे अस्प-ताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान संदीप दास के रूप में की गई है। वारदात की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पुलिस अवैध तेल भंडारण की शिकायतों की जांच कर रही है। गैरेज मालिक और संबंधित लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। घटना को लेकर पूरे इलाके में दहशत फैल गई और स्थानीय लोगों ने अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस और दमकल विभाग मिलकर आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटे हैं।

## कोलकाता जीआरएसई में भारतीय नौसेना की नमन कार रैली 2025 का भव्य समापन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय नौसेना की नमन कार रैली 2025 का भव्य समापन 17 नवंबर को गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड, कोलकाता में हुआ। यह रैली विशेष रूप से भारत में डिजाइन और निर्मित 100वें युद्धपोत के कमीशनिंग के अवसर पर आयोजित की गई थी। जीआरएसई में इसका समापन अत्यंत प्रतीकात्मक रहा, क्योंकि इस शिपयार्ड ने अब तक इन 100 युद्धपोतों में से अधिकांश का निर्माण किया है और भारतीय नौसेना की आत्मनिर्भरता की कहानी को मजबूती प्रदान की है। रैली की शुरुआत 29 अक्टूबर को लोधल स्थित नेशनल मेरिटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स से हुई थी। प्रतिभागियों ने मुंबई, गोवा, कोच्चि, कन्याकुमारी, चेन्नई और विशाखापट्टनम में स्टॉपेज लेकर भारतीय तटरेखा की यात्रा पूरी की। अंततः जीआरएसई में रैली का स्वागत वाइस एडमिरल राजाराम स्वामीनाथन, एवीएसएम, एनएम, कंट्रोलर ऑफ वॉरशिप प्रोडक्शन एंड अक्विजिशन ने किया।



समारोह में जीआरएसई के चेयरमैन एवं सीएमडीई पीआर हरी, ईन (रिटायर्ड), डायरेक्टर शिपबिल्डिंग सीडीआर शांतनु बोस, ईन (रिटायर्ड), डायरेक्टर (कॉर्पोरेट प्लानिंग एंड पर्सनल) कैप्टन (आईएन) पी सुनीलकुमार रिटायर्ड, सीवीओ अभिषेक रंजन, वाइस एडमिरल सुजीत बक्शी और वरिष्ठ नौसेना अधिकारी उपस्थित थे।

जीआरएसई ने अब तक नौसेना को 73 युद्धपोत वितरित किए हैं। उसी दिन प्रोजेक्ट 17ए की उन्नत गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस हिमगरी कमीशन हुई, जबकि आईएनएस उदयगिरी नौसेना में शामिल हुआ। वर्तमान में जीआरएसई 13 युद्धपोतों का निर्माण कर रहा है और पांच नई पीढ़ी की कॉर्वेट्स का ऑर्डर प्रतीक्षित है। वाइस एडमिरल राजाराम स्वामीनाथन ने कहा, जीआरएसई भारतीय नौसेना की आत्मनिर्भरता और उत्कृष्टता का प्रतीक है। यह शिपयार्ड डिजाइन और निर्माण में उत्कृष्टता का आदर्श प्रस्तुत करता है।

## अद्भुत दृश्य: सुंदरबन के जंगल में एक साथ दिखे तीन बाघ

**कोलकाता :** सुंदरबन के घने जंगलों में एक ऐसा दुर्लभ और रोमांचक दृश्य सामने आया जिसे देखकर सभी स्तब्ध। एक साथ तीन रॉयल बंगाल टाइगर दिखाई दिए- एक ऐसा नज़ारा जिसे विशेषज्ञ भी असाधारण और अत्यंत दुर्लभ घटना बताते हैं।

असम से आए अभिनंदन रॉय, कोलकाता के फोटोग्राफर फ्रांसिस नायक और झाड़खाली के तन्मय मंडल-इन तीन सदस्यों की टीम सोमवार सुबह झाड़खाली घाट से लांच पर सुंदरबन सफर के लिए रवाना हुई थी। जैसे ही वे देउल-वारानी के पास पहुँचे, अचानक उनकी नज़र पानी के भीतर एक अनोखे क्षण पर टिक गई-तीन बाघ एक साथ आराम से खेलते हुए तैरते नज़र आए।

खाड़ी के भीतर तीनों बाघ सहज अंदाज़ में तैरते हुए धीरे-धीरे किनारे



की ओर बढ़ रहे थे। पानी पर चमकती धूप, हल्की लहरों की आवाज़ और बाघों का प्राकृतिक खेल-इन सबने वातावरण को रोमांच और विस्मय से भर दिया।

अभिनंदन, फ्रांसिस और तन्मय के कैमरे में यह अद्भुत क्षण हमेशा के लिए कैद हो गया। पर्यटकों के सामने एक साथ तीन बाघों को तैरते देखना बेहद दुर्लभ अवसर माना जाता है। टीम के अनुसार, यह सिर्फ एक दृश्य नहीं बल्कि सुंदरबन के बाघों की शक्ति, स्वतंत्रता और अद्वितीय सुंदरता का जीवंत प्रतीक है।

सुंदरबन की नदियाँ और जंगल आज भी ऐसे अनेक चमत्कार संजोए हुए हैं, जो हर साहसी यात्री के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन जाते हैं।

## भारी कर्ज लेकर भाई फरार, देनदारों के दबाव में युवक ने की आत्महत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कुलपी में देनद-ारों के बढ़ते दबाव से परेशान एक युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान महादेव हलदार के रूप में की गई है। सोमवार की रात उन्होंने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। मंगलवार की सुबह उनका लटकता हुआ शव बरामद होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कुलपी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, महादेव के बड़े भाई गोष्ठो हलदार ने इलाके के कई लोगों से करीब 25 लाख रुपये का कर्ज लिया था और लंबे समय से फरार चल रहा था। उसका पता न लगने पर कर्जदाता महादेव पर ही



पैसे लौटाने का दबाव बना रहे थे। परिवार का आरोप है कि लगातार आर्थिक दबाव और मानसिक प्रताड़ना से टूटकर महादेव ने आत्मघाती कदम उठाया। परिजनों के मुताबिक, देनदारों के तनाव से उत्पन्न दबाव ही उसकी मौत का कारण बना। घटना के बाद कुलपी पुलिस ने परिवार की शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है कि महादेव को किस तरह का दबाव झेलना पड़ रहा था।

## हावड़ा में मतदाता स्थानांतरण से फॉर्म वितरण प्रभावित, सहायता हेतु प्रशासन ने हेल्पलाइन शुरू की

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा शहर में कई निवासियों के पुराने घर छोड़कर नए फ्लैट में स्थानांतरित होने से एसआईआर प्रक्रिया के दौरान एन्यूमरेशन फॉर्म वितरण में गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। बीएलओ जब मतदाताओं के पुराने पते पर पहुंच रहे हैं, तो वहां उन्हें लोग मिल नहीं रहे, जिसके कारण वे फॉर्म उन्हें सौंप नहीं पा रहे हैं। बड़ी संख्या में ऐसे लोग सामने आ रहे हैं जिन्हें अब तक फॉर्म नहीं मिल सके हैं। स्थिति को देखते हुए हावड़ा जिला प्रशासन ने लोगों की सहायता के लिए दो विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। प्रशासन द्वारा जारी नंबर 9007079866 और 9477464670 पर सोमवार से




शनिवार तक सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के बीच संपर्क कर निवासी एन्यूमरेशन फॉर्म से संबंधित सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

जिलाधिकारी पी. दीपाप प्रिया ने बताया कि जिन लोगों को फॉर्म नहीं मिला है, उन्हें बीएलओ के माध्यम से फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यक्ति को फॉर्म भरने में कठिनाई होती है, तब भी वे इन नंबरों पर सहायता ले सकते हैं। जिलाधिकारी के अनुसार, शहर के अधिकांश निवासियों को फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं, लेकिन वे लोग जो अपने पुराने पते से नए फ्लैट में चले गए हैं, वे इस प्रक्रिया से छूट गए। ऐसे सभी लोगों तक फॉर्म पहुंचाने के लिए हेल्पलाइन शुरू की गई है और बीएलओ भी व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं।

प्रशासनिक जानकारी के अनुसार, बीएलओ के डेटा एंट्री कार्य को तीव्र और सुचारू बनाने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 20-20 अतिरिक्त सरकारी कर्मियों को नियुक्त किया गया है, जो कंप्यूटर आधारित प्रविष्टियों का कार्य संभालेंगे।

### बेलदा में कॉलेज छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के बेलदा थाना क्षेत्र में एक कॉलेज छात्रा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के भीतर से झूलती अवस्था में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना बेलदा-केशियाड़ी मोड़ रेलगेट के निकट छोटे मातकत्तपुर इलाके की है। पुलिस के अनुसार, मृत छात्रा का नाम सहेली देव (22) है, जो बेलदा थाना क्षेत्र के छोटे मातकत्तपुर की निवासी थी। वह बेलदा कॉलेज की छात्रा थी। मंगलवार की दोपहर घर के अंदर से उसका शव बरामद हुआ। परिजन उसे अचेत अवस्था में बेलदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस और परिवार दोनों ही मौत के कारण को लेकर असमंजस में हैं। प्राथमिक तौर पर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सका है। मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए बुधवार को शव को खड़गपुर महकमा अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा।

## स्कूल नौकरी घोटाला : राज्यपाल ने दो पूर्व अधिकारियों के खिलाफ दी अभियोजन की मंजूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने प्राथमिक विद्यालय भर्ती में अनियमितताओं को लेकर राज्य प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के दो पूर्व अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत अभियोजन के लिए मंगलवार को मंजूरी दे दी। राजभवन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं तृणमूल कांग्रेस विधायक माणिक भट्टाचार्य तथा संगठन की पूर्व सचिव रत्ना चक्रवर्ती बागची के खिलाफ यह मंजूरी दी गई है। यह निर्णय केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा अदालत में प्रस्तुत औपचारिक अनुरोध के बाद लिया गया है, जो



कथित अनियमितताओं की उसकी जांच और अंतिम रिपोर्ट पर आधारित है। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने अक्टूबर में प्राथमिक स्कूल भर्ती मामले में आरोपपत्र दाखिल किया था और मामले में आगे बढ़ने के लिए राजभवन से अनिवार्य मंजूरी का इंतजार कर रही थी। उन्होंने कहा कि सीबीआई द्वारा दाखिल आर-ोपपत्र में दोनों के नाम शामिल हैं।

## कोलकाता एयरपोर्ट पर फर्जी भारतीय पासपोर्ट के साथ अफगान नागरिक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता एयरपोर्ट पर मंगलवार को एक अफ़ग़ान नागरिक को फर्जी भारतीय पासपोर्ट के साथ गिरफ़्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, अफगानिस्तान में उसके नाम से एक लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। वह व्यक्ति भारत के रास्ते विदेश भागने की कोशिश कर रहा था। हालांकि, पुलिस ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। एक अधिकारी ने बताया कि उसके ख़िलाफ़ क़ानून के अनुसार उचित कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि वसीम अहमद नाम का यह व्यक्ति अफ़ग़ानिस्तान से फ़र्ज़ी पासपोर्ट के साथ भारत में घुसा था। उन्होंने कहा कि वह कुछ समय के लिए मध्य कोलकाता के बउबाज़ार इलाके में रुका था। इस दिन, उसे कोलकाता से कुआलालंपुर जाते समय पकड़ा गया। अधिकारी ने बताया कि वसीम काबुल के लश्करगढ़ का रहने वाला है। वह अफ़ग़ानिस्तान से भागकर



फ़र्ज़ी पासपोर्ट के साथ भारत में घुस आया था। अधिकारी ने बताया कि उसकी गिरफ़्तारी के बाद उसके पास से दो पासपोर्ट बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि एक पासपोर्ट नासिर अहमद के नाम पर है, जो अफ़ग़ानिस्तान का पासपोर्ट है। दूसरा पासपोर्ट भारतीय है, जिस पर उसका नाम नासिर ख़ान है। अधिकारी ने कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि अफ़ग़ानिस्तान में उसके ख़िलाफ लुकआउट नोटिस क्यों जारी किया गया है। मामले की जांच शुरू हो गई है। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत में घुसने का उसका मक़सद क्या था, अब तक वह यहां क्या कर रहा था और किसके संपर्क में था। हम सभी संभावित पहलुओं पर विचार कर रहे हैं।

## कालीघाट में युवक की रहस्यमय मौत, पेड़ की डाल से झूलता मिला शव

**कोलकाता, समाज्ञा :** कालीघाट थाना इलाके में मंगलवार को एक युवक की रहस्यमयी मौत हो गई। मृतक की पहचान स्वपन दास (39) के रूप में की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, स्वपन दास का शव कालीघाट थाना अंतर्गत हरीश मुखर्जी रोड में रास्ते के किनारे एक पेड़ की डाल से झूलता हुआ पाया गया। स्थानीय लोगों ने जब स्वपन दास को उक्त अवस्था में देखा तो उन्होंने थाने को सूचित किया। पुलिस ने आकर उसके शव को बरामद किया व एसएसकेएम अस्प-ताल भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत करार दिया। पुलिस के अनुसार, उन्हें सुबह 7.35 बजे उक्त घटना की जानकारी मिली। स्वपन कालीघाट के ही 48 कालीघाट रोड का निवासी था। उक्त युवक की मौत कैसे हुई



इसके बारे में पुलिस प्राथमिक तौर भी कुछ नहीं बता पा रही है। लेकिन घटना की जांच पुलिस कर रही है और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्वपन की मौत का पता चलेगा। वैसे कुछ लोगों का मानना है कि यह हत्या की वारदात हो सकती है। सवाल उठ रहा है कि युवक की हत्या किसने की और क्यों। अगर यह खुदकुशी का ममला है तो स्वपन ने ऐसा क्यों किया?

## गुलामी की बेड़ियों में जन्मे, आजाद भारत में किया मतदान

**हुगली, समाज्ञा :** आजादी से पहले भारत में जन्मे स्वतंत्र भारत में हर चुनाव में वोट देने वाले मोहम्मद इस्फाक खान का नाम अंतिम एसआइआर 2002 की सूची में नहीं है। इसलिए वह चिंतित है कि इस बार वे मतदान दे पाएंगे या नहीं। हुगली जिले के सप्तग्राम विधानसभा के चक बांसबेड़िया इलाके के तीन नंबर गुमटी के रहने वाले मोहम्मद इस्फाक खान की उम्र 100 वर्ष के करीब। उन्होंने स्वतंत्र भारत में जितनी बार चुनाव हुए, हर बार मतदान किया है। 1925 में जन्मे इस्फाक खान उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से रोज़गार की तलाश में वर्षों पहले बांसबेड़िया आ बसे थे और तब से



यहीं रह रहे हैं। वे 86 नंबर बूथ के पंजीकृत मतदाता रहे हैं।

परिवार में बेटे बहू, बेटी दामाद, पोते पोतियों समेत करीब 30 सदस्य मतदाता हैं और परिवार के मुखिया हैं इस्फाक खान। लेकिन पिछली एसआइआर 2002 की मतदाता सूची में उनका नाम नहीं था। नए डखठ के लिए उन्हें एन्यूमरेशन फॉर्म तो मिला है, लेकिन उनका सवाल है क्या इस बार मेरा नाम वोटर लिस्ट में शामिल होगा। शतायु मतदाता के बेटे मोहम्मद अलीयास खान ने बताया हमारे परिवार के सभी सदस्यों मेरे और मेरे बेटे तक के नाम वोटर लिस्ट में हैं। सिर्फ हमारे पिता का नाम ही पिछले एसआइआर में गायब है। जबकि उन्होंने लोकसभा, विधानसभा हर चुनाव में हमेशा वोट डाला है। पिछली लोकसभा में तो मतदान कर्मी घर आकर उनका वोट लेकर गए थे। परिवार अब चिंतित है कि नई मतदाता सूची में उनका नाम शामिल होगा या नहीं।

## तकनीकी बोझ के विरोध में आशा कर्मियों का प्रदर्शन, डीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**हावड़ा, समाज्ञा :** राज्य सरकार द्वारा आशा कर्मियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन खरीदने के लिए दी गई 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता अब आशा कर्मियों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। इसी मुद्दे सहित छह सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को हावड़ा में आशा कर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। आशा कर्मियों ने रैली निकालकर बंकिम सेतु के नीचे तक मार्च किया, जहां पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा और डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी आशा कर्मियों ने बताया कि सरकारी सहायता मिलने के बाद उन्होंने स्मार्टफोन तो खरीद लिया, लेकिन उसके बाद विभाग की ओर से उन्हें डेटा एंट्री ऑपरेटर जैसा तकनीकी काम सौंपा जा रहा है। उनका कहना है कि मोबाइल एप डाउनलोड करना और नियमित डेटा एंट्री करना उनके लिए व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है, फिर भी विभाग की ओर से लगातार दबाव बनाया जा रहा है।

कर्मियों के मुताबिक, इस अतिरिक्त बोझ से उनका नियमित स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ा कार्य प्रभावित हो रहा है और मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है। आशा कर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होंगी। इस प्रदर्शन के चलते इलाके में कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। प्रशासन ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की समीक्षा करने का आश्वासन दिया है।

## बिधाननगर में तीन करोड़ से अधिक रुपये का गांजा बरामद, सात तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिधान-नगर के आकांक्षा मोड़ के पास सोमवार की देर शाम राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने एक बड़े तलाशी अभियान को अंजाम दिया। पुलिस ने तीन वाहनों को रोककर जांच की, जिनसे भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस ने सात तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के नामं मोहम्मद शमशुल रहमान (44), संजिबन विश्वास (37), शिशिर मंडल (38), मिजानुर रहमान (36), तुफान घोष (27), लिटन ठाकुर (36) और विजय दास (29) है। सभी आरोपित हावड़ा, कूचबिहार, दक्षिण दिनाजपुर और उत्तर 24 परगना जिलों के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार, तलाशी अभियान में एसटीएफ ने कुल 677 किलो गांजा जब्त किया, जिसकी काले बाजार में अनुमानित



कीमत तीन करोड़ रुपये से अधिक आंकी जा रही है। एसटीएफ के अनुसार, तस्कर इस खेप को उत्तर बंगाल से लेकर आए थे, जिसे राज्य के विभिन्न हिस्सों में सप्लाई किया जाना था। अभियान के दौरान तीन वाहनों एक छह-पहिया ट्रक, एक बोलेरो पिकअप और एक टाटा ऐस को भी जब्त किया गया। पुलिस ने इन वाहनों में सवार सात तस्करों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला है कि ये सभी आरोपित एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का हिस्सा हैं। एसटीएफ ने इन सभी आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों और सप्लाई नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच तेज कर दी गई है।

### सोनभद्र खदान हादसा : मृतकों की संख्या बढ़कर सात हुई, बचाव अभियान बंद

**सोनभद्र:** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में खदान का एक हिस्सा ढहने की दुर्घटना में एक अन्य व्यक्ति का शव बरामद होने के साथ ही इस घटना में मारे गये लोगों की संख्या बढ़कर सात हो गयी। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मलबा हटाने और किसी के दबे रहने की संभावना समाप्त होने के बाद बचाव कार्य बंद कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि सोमवार को मलबे से एक अन्य व्यक्ति का शव बरामद किया गया और मृतक की पहचान 32 वर्षीय गुलाब खरवार के रूप में हुई। सूत्रों के मुताबिक, सोमवार को पांच लोगों के शव बरामद किये गये थे। सोनभद्र जिले के ओबरा थानाक्षेत्र स्थित बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में शनिवार शाम को खदान का एक हिस्सा धंस गया था।

### रेल पटरी के पास युवती का सिर कटा शव बरामद

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले के बैरिया क्षेत्र में मंगलवार को रेल की पटरी के पास एक अज्ञात युवती का सिर कटा शव बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज सुबह पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि बकुल्हा रेलवे ट्रैक के पास एक अज्ञात महिला का शव पड़ा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने पुलिस अधिकारियों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। महिला का सिर गायब था तथा उसके शरीर पर वस्त्र भी नहीं थे। पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। शव की पहचान की कोशिश की जा रही है।

### उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में आएगी 'सम्मान निधि'

**लखनऊ (उप्र):** उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 'सम्मान निधि भेजी जाएगी। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। बयान में बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को कोयम्बटूर से किसानों के खाते में 'पीएम किसान सम्मान निधि' की 21वीं किस्त का अंतरण करेंगे, जिससे उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। बयान के मुताबिक, किसानों के खाते में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे 4314.26 करोड़ रुपये भेजे जाएंगे।

# नये उत्तर प्रदेश में अपराध की कोई जगह नहीं: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर (उप्र):** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के बाद के नये उत्तर प्रदेश में अपराध की कोई जगह नहीं है और अगर कोई अपराध करने की जुर्रत करता है तो उसे हर हाल में उसकी कीमत चुकानी होगी। योगी ने कहा कि वह दौर समाप्त हो चुका है जब पीड़ित भटकता था और अपराधी मौज-मस्ती करते थे। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश सरकार ने अपराध के खिलाफ नरमी नहीं बरतने की नीति के तहत साक्ष्य संकलन और फॉरेंसिक साइंस लैब्स के माध्यम से ऐसी व्यवस्था लागू की है, जिससे कोई भी अपराधी बच नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को गोरखपुर में उच्चीकृत क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला (आरएफएसएल) के नए भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित किया। एक विज्ञप्ति के मुताबिक, छह मंजिला हाईटेक भवन के निर्माण पर 72.78 करोड़ रुपये की लागत आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में केवल चार विधि विज्ञान प्रयोगशाला थीं जबकि अब इनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है और छह लैब निर्माणाधीन हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रत्येक कमिश्नरेट में आधुनिक फॉरेंसिक लैब उपलब्ध होंगी। योगी ने कहा कि हर जिले में फॉरेंसिक साक्ष्य संकलन के लिए दो-दो मोबाइल वैन उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे कुछ ही घंटों में पुख्ता साक्ष्य इकट्ठा किए जा रहे हैं।



उन्होंने कहा कि नए कानूनों, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के लागू होने के बाद फॉरेंसिक जांच की अहमियत और बढ़ गई है। योगी ने कहा कि सात वर्ष से अधिक सजा वाले अपराधों में अब फॉरेंसिक जांच अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि विधि विज्ञान प्रयोगशालाएं युवाओं के लिए रोजगार का नया अवसर भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में स्थापित 'यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस' में लैब टेक्नीशियन, साक्ष्य मिलान और विशेषज्ञता के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं तथा यहां एआई, ड्रोन, रोबोटिक्स और एडवांस डीएनए डायग्नोस्टिक्स जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 13 लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे अपराधियों की तेजी से पहचान संभव हो रही है। योगी ने कहा कि पारदर्शी, जवाबदेह और सुरक्षित समाज की दिशा में प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

### योगी आदित्यनाथ ने जमा किया अपना एसआईआर फॉर्म



**गोरखपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के लिए अपना फॉर्म भरा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सुबह गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में यह फॉर्म भरा। आदित्यनाथ गोरखपुर शहरी विधानसभा क्षेत्र में झूलेलाल मंदिर के पास कन्या प्राथमिक विद्यालय स्थित बूथ संख्या 223 के पंजीकृत मतदाता हैं। वह वर्तमान में गोरखपुर शहरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। गोरखपुर के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) फॉर्म भरा।

### ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण करने अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**अयोध्या:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए मंगलवार को अयोध्या के एक दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

### संभल प्रशासन प्रस्तावित मंदिर पदयात्रा पर फैसला लेगा, मस्जिद समिति ने जताई आपत्ति

**संभल:** उत्तर प्रदेश के संभल में जिला प्रशासन विवादित हरिहर मंदिर-शाही जामा मस्जिद स्थल की परिधि में बुधवार को होने वाली पदयात्रा के संबंध में फैसला लेगा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हालांकि इस घोषणा पर मस्जिद समिति ने आपत्ति जताई है। केला देवी मंदिर के महंत और अंतरराष्ट्रीय हरिहर सेना के संस्थापक ऋषि राज गिरि ने 19 नवंबर को एक दिवसीय 'हरिहर मंदिर पदयात्रा' की घोषणा की और इस दौरान श्रद्धालु विवादित परिसर के चारों ओर 2.5 किलोमीटर की परिक्रमा करेंगे। ऋषि राज गिरि मौजूदा अदालती मामले में भी याचिकाकर्ता हैं, जिसमें दावा किया गया कि यह ढांचा हरिहर मंदिर है। गिरि ने पत्रकारों से कहा कि यह यात्रा पूर्वाह्न 10 बजे शुरू होगी और सागरपुर, सकरपुर, खिरनी व मोतीनगर होते हुए परिक्रमा पूरी कर केला देवी मंदिर वापस आएगी। उन्होंने कहा कि पदयात्रा का उद्देश्य प्रतीकात्मक रूप से स्थल के धार्मिक महत्व को दर्शाना है और पदयात्रा शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित की जाएगी। गिरि ने कहा कि मामला अदालत में विचाराधीन है और दावा किया कि यह पदयात्रा संभल में धारा 163 बीएनएसएस के तहत लागू निषेधाज्ञा का उल्लंघन नहीं करेगी। शाही जामा मस्जिद समिति के अध्यक्ष जफर अली ने हालांकि इस पदयात्रा का विरोध करते हुए इसे एक नई प्रथा शुरू करने का 'गैरकानूनी' प्रयास बताया।

## न्यूज अपडेट

### तकनीकी रूप से ईवीएम में 25,000 मत पहले से दर्ज होना असंभव : निर्वाचन आयोग

**पटना:** पटना, 18 नवंबर (भाषा) निर्वाचन आयोग ने बिहार में मतदान शुरू होने से पहले ही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में 25,000 मत दर्ज होने के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता और प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष जगदानंद सिंह के आरोपों को मंगलवार को पूरी तरह खारिज कर दिया और कहा कि तकनीकी रूप से ऐसा होना बिल्कुल असंभव है। आयोग ने एक बयान में बताया कि यह दावा तकनीकी रूप से असंभव, प्रक्रियागत रूप से गलत और राजद के अपने चुनाव एवं पोलिंग एजेंटों द्वारा हस्ताक्षरित वैधानिक दस्तावेजों के विपरीत है। राजद ने सोमवार को दावा किया था कि चुनावी जनादेश जनता की इच्छा का प्रतिबिंब नहीं है और ईवीएम में अनियमितताएं हुई हैं। सिंह ने कहा था, हर ईवीएम में 25,000 वोट पहले से थे, फिर भी हम 25 सीटें जीत गए। आयोग ने बताया कि ईवीएम में न वाईफाई, न ब्लूटूथ, न इंटरनेट और न किसी भी प्रकार की बाहरी कनेक्टिविटी होती है, जिससे किसी प्रकार की डिजिटल या रिमोट छेड़छाड़ असंभव है। बयान के मुताबिक, मतदान से पहले प्रत्येक ईवीएम में सभी प्रत्याशियों के लिए शून्य मत प्रदर्शित होते हैं और राजनीतिक दलों के एजेंटों की मौजूदगी में अनिवार्य चुनाव अभ्यास कराया जाता है, उसके बाद सभी मत हटाकर प्रमाणपत्र पर संयुक्त हस्ताक्षर लिए जाते हैं।

### बिहार: बालू लदे ट्रैक्टर की जब्ती के बाद पुलिस पर हमला, एक पुलिसकर्मी की मौत

**पटना:** बिहार के पटना जिले में मंगलवार को कार सवार बदमाशों ने विशेष सशस्त्र पुलिस (एसएपी) के कर्मियों पर हमला कर दिया, जिसमें एक जवान की मौत हो गई और एक अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कार मालिक सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार तड़के उस समय हुई, जब खनन विभाग की टीम बिना पंजीकरण वाले बालू से लदे एक जब्त ट्रैक्टर को दुल्हिन बाजार थाने ले जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, यह ट्रैक्टर अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी के दौरान पकड़ा गया था। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) पंकज कुमार शर्मा ने बताया, खनन निरीक्षक से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात करीब 12:30 बजे जब खनन टीम बालू से लदे जब्त ट्रैक्टर को ले जा रही थी, तभी एक सफेद एसयूवी में सवार सात से आठ हथियारबंद लोगों ने डंडों और रॉड से टीम पर हमला कर दिया।

### बलिया में नाबालिग लड़की से बलात्कार का आरोपी व्यक्ति गिरफ्तार

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले में पुलिस ने एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोप में उसके पड़ोस में रहने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने शिकायत के हवाले से मंगलवार को बताया कि मनियर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीय लड़की के साथ उसके पड़ोसी गोलू राजभर ने इसी साल जून में कथित रूप से दुष्कर्म किया था। किशोरी जब गर्भवती हो गई तो परिजनों को घटना के बारे में पता चला। आरोप है कि लड़की के परिजन जब शिकायत लेकर आरोपी के घर गये तो उन्हें अपशब्द कहे गये और जान से मारने की धमकी दी गयी। थाना प्रभारी कौशल पाठक ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर गोलू के विरुद्ध बलात्कार, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया। उसे सोमवार को मनियर बस अड्डे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

### राजस्थान: 12वीं के छात्र से यौन उत्पीड़न के आरोप में साथियों के खिलाफ पॉक्सो का मामला दर्ज

**जयपुर:** राजस्थान के अजमेर में एक निजी स्कूल में पढ़ने वाले 17 वर्षीय छात्र का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में तीन साथी विद्यार्थियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस कृत्य का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित भी किया गया। पुलिस के मुताबिक, छात्र को कथित तौर पर पीटा गया, निर्वस्त्र किया गया और उसके साथ अश्लील हरकतें की गईं। पुलिस ने बताया कि आरोपी छात्र पीड़ित के साथ उसी स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ते हैं। पुलिस के मुताबिक, चूंकि पीड़ित नाबालिग है इसलिए सोमवार को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। पीड़ित के रिश्तेदार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, यह घटना अक्टूबर में उस समय हुई थी, जब छात्र स्कूल से घर लौट रहा था और रास्ते में तीनों आरोपी विद्यार्थियों ने उसे रोक लिया तथा खाने-पीने की एक दुकान पर ले जाकर उसकी पिटाई की व उसे धमकाया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि उसे लात-घूंसे मारे गए व बेसबॉल के बल्ले से पीटा गया।

## बिहार: पिता को 'गंदी किडनी' देने का आरोप लगाने वालों को रोहिणी ने दी खुली बहस की चुनौती

**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने मंगलवार को उन लोगों की कड़ी आलोचना की जिन्होंने उन पर अपने बीमार पिता को 'गंदी किडनी' देने का आरोप लगाया था और उन्हें इस मुद्दे पर उनसे खुली बहस की चुनौती दी। आचार्य ने इन लोगों से 'लालू जी के नाम पर' जरूरतमंद लाखों मरीजों को अपनी किडनी दान करने का भी आह्वान किया। राजद की चुनावी हार के बाद रोहिणी ने रविवार को आरोप लगाया था कि उन्हें गालियां दी गईं और यह कहकर बदनाम किया गया कि उन्होंने अपने पिता को दी गई गंदी किडनी के बदले करोड़ों रुपए और पार्टी टिकट लिया। उन्होंने यह भी दावा किया कि तेजस्वी यादव के करीबी लोगों ने उन्हें माता-पिता के घर से निकाल दिया। रोहिणी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, जो लोग लालू जी के नाम पर कुछ करना चाहते हैं, वे झूठी हमदर्दी दिखाना बंद करें।



वे आगे आकर उन लाखों गरीब मरीजों के लिए अपनी किडनियां दान करें, जो अस्पतालों में आखिरी सांस गिन रहे हैं। लालू जी के नाम पर किडनी दान कर दें। सिंगापुर में रह रहीं 47 वर्षीय रोहिणी ने कहा, जो लोग पिता को किडनी देने वाली एक विवाहित बेटी को गलत कहते हैं, उनमें हिम्मत है तो खुले मंच पर उस बेटी से खुली बहस करें। उन्होंने कहा कि जो लोग बेटी की किडनी को गंदी कहते हैं, वे जरूरतमंदों को किडनी दान करने वाले सबसे पहले व्यक्ति बनें।

## जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरने के लिए माफी मांगता हूं, लड़ाई जारी रखेंगे: प्रशांत किशोर

**पटना:** जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर ने बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी को केवल 3.30 प्रतिशत वोट मिलना इस बात का संकेत है कि हमारी तरफ से कुछ न कुछ कमियां जरूर रहीं, लेकिन उन्हें इस बात का गर्व भी है कि उन्होंने धर्म-जाति की राजनीति से दूर रहकर चुनाव लड़ा। किशोर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम लोग साढ़े तीन साल पहले व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प के साथ निकले थे। जनता की अपेक्षाओं पर खरा न उतर पाने के लिए मैं माफी मांगता हूं। जिस सोच और सपनों के आधार पर लोग हमारे साथ जुड़े, उस अनुरूप व्यवस्था नहीं बना पाया। यह मेरी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, 'ईमानदार प्रयास किया, लेकिन परिणाम उम्मीद के अनुसार



नहीं आए। मैं इसकी सौ फीसदी जिम्मेदारी लेता हूं।' उन्होंने घोषणा की कि वह दो दिन बाद गांधी आश्रम में 24 घंटे का उपवास रखेंगे। किशोर ने कहा, ''यह प्रायश्चित का उपवास होगा। जन सुराज के सभी साथी समझें कि हमारी कोशिशें पर्याप्त नहीं रहीं और वे जहां हों, वहां सामूहिक उपवास कर सकते हैं।

### 10,000 रुपए नहीं दिए होते तो जदयू 25 सीट भी नहीं जीत पाती: प्रशांत किशोर

प्रशांत किशोर ने दावा किया कि अगर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 60,000 से अधिक लाभार्थियों को 10,000 रुपए नहीं दिये होते तो पार्टी 25 सीट भी नहीं जीत पाती। किशोर ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव में जदयू को बड़ी संख्या में सीट इसलिए मिलीं क्योंकि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 60,000 से अधिक लाभार्थियों को 10,000 रुपए दिए गए और राज्यभर की 1.50 करोड़ महिलाओं को स्व-रोजगार योजना के तहत दो लाख रुपए देने का वादा किया गया।



# वचन का पक्का हिप्पो

नरेन्द्र देवांगन

एक बार नाइजीरिया के घने वन में भयानक सूखा पड़ा। सूरज अपनी आग लगातार बरसाता रहा। चारों तरफ हाहाकार मच गया। वन के पेड़-पौधे सूखकर मुरझाने लगे। जानवर गर्मी से बेहाल होने लगे। किसी की समझ में नहीं आ रहा था कि इस भयंकर गर्मी का सामना कैसे किया जाए। जानवर भी भूख व प्यास से मरने लगे। लंबी उड़ान भरने वाले पक्षी दूसरे देशों को उड़ चले लेकिन ज्यादातर जानवरों का मत था कि संकट की इस घड़ी में उन्हें अपना घर नहीं छोड़ना चाहिए। जैसे भी हो, एकजुट होकर इस मुसीबत का सामना करते हुए वन में ही रहना चाहिए।

उधर इतनी गर्मी पड़ रही थी कि सहन नहीं हो रही थी। चूहे का कहना था कि अब तो बिल में रहना भी मुमकिन नहीं। ऊंट का कहना था कि उसे गर्मी सहने की आदत तो है पर यह गर्मी उससे भी सहन नहीं हो रही। कुत्ते की जीभ भी गर्मी की वजह से बाहर निकली रहती थी। सबसे बुरा हाल हिप्पोपाटेमस का था। मोटी खाल होने के कारण उसे और ज्यादा गर्मी लगती थी। कहने का मतलब यह कि हर जानवर का बुरा हाल था। किसी को भी गर्मी से बचने का कोई उपाय नहीं सूझ रहा था।

एक दिन हाथी ने सबको संबोधित करते हुए कहा, 'अभी तक हम नदी के जल से प्यास बुझा रहे हैं। हालांकि नदी में भी पानी कम होता जा रहा है, तो भी नदी में इतना पानी तो है ही कि हम अपनी प्यास बुझाने के साथ-साथ उस में रहकर गर्मी से भी राहत पा सकते हैं।'

सबने हाथी की ओर प्रशंसा भरी नजरों से देखा। हाथी ने आगे कहा, 'नदी ने कभी हमें अपनी प्यास बुझाने से नहीं रोका। यदि सब मिलकर नदी से प्रार्थना करें तो वह हमें पानी में रहने की आज्ञा दे सकती है।'

यह सुनकर सभी जानवर खुश हो उठे। फिर हाथी को अपना नेता चुनकर कहा कि वही नदी से बात करे। हाथी कुछ जानवरों के साथ नदी के पास पहुंचा और अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि यदि वह पानी में रहने की आज्ञा दे दे तो सबकी जान बच जाएगी। क्योंकि नदी में पानी पहाड़ों से बहकर आता था इसलिए उसे खास चिंता नहीं थी। फिर वन के ज्यादातर जानवर नदी के ही किनारे पैदा हुए थे और पले-बढ़े थे। इसलिए नदी भी उन पर अपनी ममता लुटाती रही थी। अतः नदी ने कहा, 'यदि सब जानवरों को मेरे पानी में रहकर राहत मिलती है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं पर सबको यहां मेहमानों की तरह रहना होगा। इस बात का ध्यान रखना होगा कि मेरी संतानों को कोई कष्ट न हो।'

सारे जानवर नदी में आकर रहने लगे। भूख लगने पर वे वन में जाते और फिर लौटकर नदी के ठंडे पानी में आराम करते। हिप्पो तो दिनभर अपने तीन-चार टन भारी शरीर को पानी में डुबोए रहता और शाम के समय ही भोजन की तलाश में निकलता।



धीरे-धीरे वन में भोजन की कमी होने लगी। जानवरों को भोजन की खोज में दूर-दूर जाना पड़ता जिससे वे गर्मी की वजह से बेहाल हो जाते थे। अतः कुछ जानवरों ने बाहर जाने के बजाए नदी में ही चुपचाप मछलियों का शिकार करके अपनी भूख मिटानी शुरू कर दी। इससे मछलियों की संख्या तेजी से घटने लगी। इस हालत में नदी का चिंतित होना स्वाभाविक था। उसे अपने ही परिवार पर संकट के बादल घिरते दिखाई देने लगे। उसे लगा कहीं न कहीं जरूर कुछ गड़बड़ है परंतु वह अपने मेहमानों पर शक भी नहीं करना चाहती थी।

फिर जल्द ही नदी को पता लग गया कि उसके साथ विश्वासघात किया जा रहा है। तब उसे बहुत गुस्सा आया। उसने तुरंत सभी जानवरों को वन लौट जाने का आदेश दिया। यह भी चेतावनी दी कि जो जानवर उसकी बात नहीं मानेगा अथवा पानी के किसी जीव को खाएगा तो उसे वह जिंदा नहीं छोड़ेगी।

हिप्पो ही एकमात्र ऐसा प्राणी था जो शाकाहारी था। उसने पानी के किसी भी जीव को नहीं सताया था पर उसे भी नदी के गुस्से का सामना करना पड़ा। उसे दूसरे जानवरों से कहीं ज्यादा गर्मी लगती थी। उसे लगा यदि वह पानी के बाहर गया तो जरूर मर जाएगा, अतः किसी भी तरह नदी को मनाने की ठान ली।

नदी ने सभी जानवरों को भगा दिया। एक दिन उचित मौका देखकर हिप्पो नदी के दरबार में उपस्थित हुआ। उसका शरीर गर्मी से काला पड़ने लगा था। उसने नदी से अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि यदि उसे वापस पानी में न आने दिया तो वह मर जाएगा।

हिप्पो के काले पड़ते रंग को देखकर नदी को दया आ गई। अतः पूछा, 'मुझे कैसे विश्वास हो कि पानी में रहकर तुम मछलियां नहीं खाओगे?'

हिप्पो शाकाहारी था, तो भी उसने नदी को वचन दिया कि वह लंबी घास भी नहीं खाएगा ताकि जलचरों को निवास संबंधी परेशानी न हो।

नदी को हिप्पो पर विश्वास हो गया। बोली, 'ठीक है, तुम पानी में रह सकते हो लेकिन याद रहे कि यदि वचन का पालन नहीं किया तो कड़ी सजा दी जाएगी।'

तब से हिप्पो स्थायी रूप से नदी में रह रहा है और घास खाने के कारण उसे दरियाई घोड़े के नाम से जाना जाता है। (उर्वशी)

# पर उपदेश कुशल बहुतेरे

अयोध्या प्रसाद 'भारती'

द्रोणाचार्य के शिष्य दोनों ही थे कौरव और पांडव। वे दोनों को समान रूप से शिक्षित एवं विविध कलाओं में प्रशिक्षित करते थे। एक दिन शिष्यों के मध्य उन्होंने कहा, 'हमें कभी भी क्रोध नहीं करना चाहिए क्योंकि क्रोध से बुद्धि का क्षय होता है और बुद्धिहीन मनुष्य अच्छे, सृजनात्मक कार्य नहीं कर सकता।'

द्रोणाचार्य ने आगे कहा कि मेरे उपरोक्त कथन को आप लोग कंठस्थ करें और कल याद करके आएं। आपको यह कथन कक्षा में दोहराना होगा।

अगले दिन आचार्य द्रोण ने कक्षा में सभी छात्रों से एक-एक कर पूछा, 'तुम्हें याद है मैंने कल क्या कहा था?

युधिष्ठिर को छोड़कर सभी ने कहा, 'जी, याद है।' द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से कहा, 'कल अवश्य याद करके आना।'

युधिष्ठिर ने अगले दिन भी कहा कि उन्हें कथन याद नहीं हुआ। द्रोण ने कहा, 'तुम निरे मूर्ख हो। तुमसे छोटे बच्चों को कथन याद है और तुम्हें नहीं।



आज तुम्हें क्षमा कर रहा हूं लेकिन प्रातः जरूर याद करके आना।'

अगले दिन द्रोण ने पूछा, 'आज तुम अवश्य याद करके आए होगे।' युधिष्ठिर ने उदास से स्वर में कहा, नहीं गुरूवर। क्या करूं याद ही नहीं होता।'

द्रोणाचार्य को गुस्सा आ गया। उन्होंने युधिष्ठिर को एक चांटा मारा और बोले, 'मुझे यह अनुमान नहीं था कि तुम वज्र मूर्ख हो।

युधिष्ठिर थप्पड़ खाकर भी शांत रहे और कहा, 'याद आ गया गुरूजी। असल में मैं अपनी परीक्षा ले रहा था कि जब आप मेरे मुंह से बार-बार न सुनेंगे तो मुझे एक न एक दिन अपमानित और प्रताड़ित करेंगे तो क्या मैं शांत रह पाऊंगा। आज थप्पड़ खाने पर भी मुझे क्रोध नहीं आया। तब मैंने सच बोल दिया कि मुझे कथन याद आ गया जबकि वास्तव में मुझे वह पहले ही दिन से याद था।'

युधिष्ठिर की बात सुनकर द्रोण को अपने पर ही लज्जा आई कि क्रोध न करने का उपदेश उन्होंने ही दिया था और उसका पालन वे खुद ही न कर पाए जबकि उनके शिष्य ने खुद पर उसका कठिन प्रयोग भी किया।

उन्होंने युधिष्ठिर को गले लगाकर कहा, 'तुमने तो मुझे ही दर्पण दिखा दिया। तुमने ही विद्या का सही उद्देश्य जाना है। विद्या वास्तव में तभी पल्लवित होती है जब वह मनुष्य के व्यावहारिक जीवन में उतरे'। (उर्वशी)

# ढोल की पोल

नरेंद्र देवांगन




रिटायर होकर अध्यापक गजराज सिंह ने जंगल में पाठशाला खोली। उस पाठशाला में पढ़ने आते थे गधा ढेंचू राम, भालू मिठ्ठन प्रसाद, बिल्ल म्याऊं देवी, बंदर खोंखों सिंह, कुत्ता भौंकूचंद। सबकी कापी पर सिंह साहब लिखते 'बहुत अच्छा' और ढेंचू गधे की कापी पर 'बेकार'। ढेंचू गुस्से में दांत किटकिटाता हुआ रह जाता।

सारा दिन ढेंचू जंगल में छलांगे मारता रहता। स्कूल का काम रोज करवाता खोंखों सिंह से। ढेंचू सोचता कि सिंह साहब खोंखों की कापी पर 'बहुत अच्छा' लिखते हैं और उसी लिखाई पर मेरी कापी में लिखते हैं 'बेकार'। जरूर इनकी आंखें कमजोर हो गई हैं या दिमाग चल गया है। ढेंचू को अपनी बात पर धीरे-धीरे विश्वास होने लगा।

एक दिन उसने ऐसा बवंडर उठाया कि जंगल की पंचायत बुलानी पड़ी। इसमें देखना था कि सिंह साहब पढ़ाने लायक रहे हैं या नहीं। बच्चों के भविष्य का प्रश्न था।

एक ने कहा, 'सिंह साहब, अपने चश्मे का नंबर बदलवाइए।'

दूसरा बोला, 'अगर आप बच्चों को ठीक से पढ़ा नहीं सकते तो कोई और धंधा देखो।'

तीसरे ने शिकायत की, 'इतने बुढ़ापे में इन्हें काम पर लगाया किसने? हटाओ इन्हें, दूसरा मास्टर रखो।'

सिंह साहब बोले, 'अपने काम के विषय में मुझे कुछ नहीं कहना। बच्चों की परीक्षा ही बताएगी। लिखो बच्चो, अंग्रेजी में कविता, जैक एंड जिल, हिंदी में आलू- कचालू बेटा कहां गए थे और तीन का पहाड़ा भी लिखो।'

परीक्षा का समय समाप्त हुआ। सिंह साहब बोले, 'मेरी नजर को आप कमजोर कहते हैं, इसलिए पंचायत खुद इनकी कापियां जांचे ।'

सबने ठीक-ठीक लिखा था। बस ढेंचू की कापी ही कोरी थी। उसकी पोल खुल गई थी। ढेंचू सिर झुकाए शरम से मरा जा रहा था।

पंचायत ने ढेंचू के पिता की खबर ली, 'सिंह साहब से माफी मांगो और आगे अपने बच्चे की पढ़ाई पर खुद ध्यान दो।'

अपना काम खुद ही करना चाहिए, ढेंचू को भी यह समझ आ गई थी। (उर्वशी)

# आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाए, न ही कोई लीपापोती हो : जयशंकर ने एससीओ में कहा

**मॉस्को :** भारत ने मंगलवार को कहा कि विश्व को आतंकवाद के सभी प्रकारों एवं स्वरूपों के प्रति शून्य सहनशीलता प्रदर्शित करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि आतंकवाद का कोई औचित्य नहीं हो सकता तथा इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता एवं इस पर ''लीपापोती'' नहीं की जा सकती। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, ''जैसा कि भारत ने प्रदर्शित किया है, हमें आतंकवाद के खिलाफ अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार है और हम इसका प्रयोग करेंगे।'' उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि एससीओ को ''बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल होना चाहिए, एक विस्तारित एजेंडा विकसित करना चाहिए और अपनी कार्य पद्धति में सुधार करना चाहिए''। विदेशमंत्री ने कहा, ''हम इन उद्देश्यों की प्राप्ति में सकारात्मक एवं पूर्ण योगदान देंगे।'' एससीओ की स्थापना 2001 में शंघाई में एक शिखर सम्मेलन में रूस, चीन, किर्गिज गणराज्य, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान के राष्ट्रपतियों द्वारा की गई थी। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके स्थायी सदस्य बने। जुलाई 2023 में, भारत द्वारा आयोजित ऑनलाइन शिखर सम्मेलन में ईरान को एससीओ के नये स्थायी सदस्य का दर्जा दिया गया। उन्होंने कहा, ''हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि एससीओ की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की तीन बुराइयों से निपटने के लिए की गई थी। बीते वर्षों में ये खतरे और भी गंभीर हो गए हैं।''

### विदेश मंत्री जयशंकर ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के प्रतिनिधिमंडल प्रमुखों के साथ मंगलवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। जयशंकर एससीओ के राष्ट्राध्यक्ष परिषद की बैठक में हिस्सा लेने के लिए यहां आए हैं। विदेशमंत्री ने सोशल मीडिया मंच के जरिये जानकारी दी, ''आज दोपहर एससीओ प्रतिनिधिमंडल के अन्य प्रमुखों के साथ राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को सभी थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिया

**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को सभी थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का मंगलवार को निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने मुख्य सचिव अविनाश कुमार, गृह सचिव वंदना दादेल और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा की उपस्थिति में यह निर्देश दिए। अदालत ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और निविदा जारी करने की प्रक्रिया 31 दिसंबर तक पूरी हो जाए। अदालत ने कहा कि अधिकारियों को पांच जनवरी तक उच्च न्यायालय के समक्ष अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करनी होगी।

### ऑनलाइन सट्टेबाजी: विनजो, गेम्जक्राफ्ट के खिलाफ ईडी की छापेमारी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन की जांच के तहत मंगलवार को ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म विनजो और गेम्जक्राफ्ट से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी। सूत्रों ने बताया कि छापेमारी कुल 11 परिसरों पर की गई, जिनमें पांच बेंगलुरु, चार दिल्ली और दो गुरुग्राम (हरियाणा) में स्थित हैं। ईडी के सूत्रों ने बताया कि बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा दो ऑनलाइन गेमिंग कंपनी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है, जिनके पास विनजो ऐप और गेम्जक्राफ्ट (पॉकेट52.कॉम) नामक वेबसाइट के स्वामित्व हैं। ईडी की कार्रवाई पर टिप्पणी के लिए दोनों प्लेटफॉर्म से तुरंत संपर्क नहीं हो सका। दोनों गेमिंग ऑपरेटर के कॉर्पोरेट कार्यालयों के साथ-साथ उनके सीईओ, सीओओ और सीएफओ के आवासों पर भी कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि पीड़ितों द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि इन गेमिंग कंपनी ने ऐप के एल्गोरिद्म में हेरफेर किया, जिससे गेमर्स को नुकसान हुआ। उन्होंने दावा किया कि संघीय जांच एजेंसी को संदेह है कि प्रमोटर के पास क्रिप्टो वॉलेट थे, जो क्रिप्टो करेंसी के जरिए धनशोधन का संकेत देता है।

### कैदियों को टेलीमेडिसिन सुविधाएं उपलब्ध कराएं सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश: गृह मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कैदियों की समय पर चिकित्सा के लिए उन्हें टेलीमेडिसिन सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों, जेलों के डीजी और आईजी को भेजे एक पत्र में गृह मंत्रालय ने कहा कि जेलों और सुधार संस्थानों में बंद लोगों समेत देश के सभी नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना जरूरी है। मंत्रालय ने कहा कि टेलीमेडिसिन स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए एक व्यावहारिक, कुशल व किफायती समाधान के रूप में उभरा है।

## अदालत ने येदियुरप्पा और तीन अन्य को पॉक्सो मामले में दो दिसंबर को पेश होने का समन जारी किया



**बेंगलुरु :** बेंगलुरु की एक त्वरित अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा और तीन सह-आरोपियों को एक नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न से जुड़े मामले में मंगलवार को समन जारी किया। अदालत ने सभी चार आरोपियों को दो दिसंबर को पेश होने का निर्देश दिया है। इससे पहले, बीते बृहस्पतिवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत दर्ज मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया था। अदालत ने येदियुरप्पा और सह-आरोपियों अरुणा वाई.एम., रुद्रेश मारुलासिद्दैया और मारिस्वामी जी की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें अधीनस्थ अदालत द्वारा पॉक्सो व भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराधों का संज्ञान लेने तथा समन जारी करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। हालांकि, उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया कि मुकदमे के दौरान जब तक अत्यंत आवश्यक न हो, येदियुरप्पा की व्यक्तिगत उपस्थिति पर जोर नहीं दिया जाना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि उनकी ओर से व्यक्तिगत उपस्थिति में छूट के लिए दायर किसी भी याचिका पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाना चाहिए, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तलब किया जा सकता है।

## साबरमती जेल में कैदियों के साथ झड़प में राइसिन आतंकी साजिश का संदिग्ध घायल; खतरे से बाहर

**अहमदाबाद :** राइसिन आतंकी साजिश के आरोपी अहमद मोहियुद्दीन सैयद को मंगलवार को अहमदाबाद की अति सुरक्षा वाली साबरमती सेंट्रल जेल के अंदर तीन विचाराधीन कैदियों के साथ झगड़े के दौरान चोट आई हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गुजरात के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने हाल ही में सैयद को गिरफ्तार किया था। जेल अधीक्षक गौरव अग्रवाल ने बताया कि झगड़े के बाद जेल प्रशासन ने स्थानीय पुलिस से इस घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया है, उन्होंने कहा कि सैयद खतरे से बाहर है। अग्रवाल ने बताया, कुछ अज्ञात कारणों से सैयद और तीन अन्य कैदियों के बीच झगड़ा हो गया। सैयद को चोट आईं, जिसके बाद उसे मेडिकल जांच के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया और फिर वापस जेल लाया गया। उन्होंने कहा, हमने इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दे दी है और जल्द ही इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। हैदराबाद का निवासी सैयद एमबीबीएस डॉक्टर हैं। उसे आठ नवंबर को गुजरात एटीएस ने तीन अन्य आतंकियों के साथ गिरफ्तार किया था। उन पर हथियारों और एक घातक जहर 'राइसिन' का उपयोग करके बड़ा आतंकी हमला करने की साजिश रचने का आरोप है। राइसिन रासायनिक जहर आतंकी साजिश की जांच के दौरान एटीएस ने हैदराबाद में सैयद के घर पर तलाशी ली और अज्ञात रसायन व कच्चा माल बरामद किया।

## न्यायालय ने फैसला वापस लिया, एम्स और हवाईअड्डा सहित कई सार्वजनिक परियोजनाओं पर ध्वस्तीकरण का खतरा टला



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने 16 मई के अपने फैसले को वापस लेकर देशभर की कई महत्वपूर्ण सार्वजनिक परियोजनाओं को बड़ी राहत दी है। पूर्व आदेश के तहत केंद्र सरकार को परियोजनाओं को पूर्वव्यापी पर्यावरणीय मंजूरी देने से रोक दिया गया था, जिसके कारण ओडिशा एम्स सहित कई बड़े बुनियादी ढांचा प्रोजेक्ट ध्वस्तीकरण के खतरे में थे। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की बहुमत वाली पीठ ने कहा कि यदि 16 मई का आदेश लागू रहता, तो लगभग 20,000 करोड़ रुपये की लागत से तैयार सार्वजनिक इमारतों और परियोजनाओं को ध्वस्त करना पड़ सकता था। अदालत ने इसे गंभीर जनहित से जुड़ा मामला बताया और कहा कि ऐसे कदम से देशभर में व्यापक नुकसान होता। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने उन परियोजनाओं की विस्तृत सूची कोर्ट के समक्ष रखी, जो पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति न होने के कारण रुकी हुई थीं या जिनका अस्तित्व खतरे में था। अदालत ने अपने निर्णय में तीन प्रमुख उदाहरणों का उल्लेख किया। पहला, ओडिशा में 962 बिस्तरों वाला एम्स मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, जो क्षेत्र के हजारों नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र है। यह सुविधा भी ध्वस्तीकरण के खतरे का सामना कर रही थी। दूसरा उदाहरण कर्नाटक के विजयनगर में बनाए गए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का था, जिसे भी पर्यावरणीय मंजूरी न मिलने के कारण फैसले के दायरे में आना पड़ता। तीसरा उदाहरण सीईटीपी परियोजनाओं का था, जो औद्योगिक कचरे का उपचार कर नदियों और अन्य जलस्रोतों को प्रदूषण से बचाती हैं। अदालत ने सवाल उठाया कि क्या ऐसे आवश्यक संयंत्रों को गिराना वास्तव में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य के अनुरूप होगा। फैसला वापस लेने से अब इन परियोजनाओं को 2017 की अधिसूचना और 2021 के कार्यालय ज्ञापन के तहत नियमित होने का अवसर मिलेगा, जब तक कि सर्वोच्च न्यायालय उनकी वैधता पर अंतिम निर्णय नहीं ले लेता।

## दिल्ली: कई अदालतों व सीआरपीएफ स्कूलों में बम रखे होने की धमकी जांच में अफवाह निकलीं



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की साकेत, द्वारका और पटियाला हाउस अदालतों के साथ-साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) द्वारा संचालित दो स्कूलों में मंगलवार सुबह बम रखे होने की धमकी दी गई, जिसके बाद राष्ट्रीय राजधानी में बड़े पैमाने पर सुरक्षा जांच की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक आतंकवादी मॉड्यूल के नाम से भेजे गए ईमेल में दावा किया गया था कि अदालत परिसर में सुबह-सुबह विस्फोटक लगा दिए गए हैं, जिसके बाद तत्काल सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया।

## सबरीमला मंदिर में लगभग दो लाख तीर्थयात्री पहुंचे, प्रशासन के लिए भीड़ प्रबंधन हुआ मुश्किल



**पत्तनमथिट्टा :** केरल के सबरीमला में भगवान अयप्पा मंदिर के पट वार्षिक 'मंडला-मकरविलक्कु' तीर्थयात्रा सत्र के लिए खोले जाने के 48 घंटे के भीतर लगभग दो लाख तीर्थयात्री वहां पहुंच गए, जिससे त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) और पुलिस को भीड़ प्रबंधन में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। टेलीविजन चैनल पर प्रसारित दृश्यों में मंदिर के मुख्य द्वार तक पहुंचाने वाली 18 सीढ़ियों के सामने छोटे से क्षेत्र में तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ देखी जा सकती है। सबरीमला की तलहटी पंबा से सन्निधानम तक तीर्थयात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे कई लोगों को यात्रा में घंटों की देरी का सामना करना पड़ा। टीवी चैनल पर प्रसारित दृश्यों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आगे बढ़ने के लिए एक-दूसरे से धक्का-मुक्की करती नजर आ रही थी और इस दौरान अपने माता-पिता के कंधों पर सवार बच्चों को रोते देखा जा सकता था। कई श्रद्धालुओं को भीड़ नियंत्रण के लिए लगाए गए अवरोधकों पर चढ़ते देखा गया और पुलिस उन्हें रोकने में कड़ी मशक्कत करती नजर आई। कुछ श्रद्धालुओं ने शिकायत की कि मंदिर के बाहर घंटों कतारों में खड़े होने के दौरान उन्हें पीने का पानी नहीं मिला।

## चारबाग रेलवे स्टेशन पर 21.77 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त, दो लोग गिरफ्तार



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में चारबाग रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने 21.77 करोड़ रुपये मूल्य की 3.110 किलोग्राम हेरोइन जब्त कर दो महिला यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि न्यू जलपाईगुड़ी से दिल्ली जा रही दो महिलाओं द्वारा मादक पदार्थ ले जाए जाने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए निदेशालय की एक टीम ने स्टेशन पर निगरानी रखी और ट्रेन के आने पर संदिग्धों की पहचान कर ली। अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान महिला यात्रियों के सामान के अंदर छिपाए गए कई पैकेट बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि जांच में सफेद पाउडर जैसे पदार्थ की हेरोइन होने की पुष्टि हुई। एजेंसी ने एक बयान में बताया कि जब्त की गई हेरोइन की बाजार में कीमत लगभग 21.77 करोड़ रुपये है। बयान के मुताबिक, दोनों महिलाओं को स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया।

### लखनऊ में कांस्टेबल को एसयूवी कार से लटकाकर 10 किलोमीटर तक घुमाया गया, आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ :** लखनऊ में नियमों के उल्लंघन के आरोप में जांच के लिए एक एसयूवी रोकने पर कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी को वाहन में लटकाकर लगभग 10 किलोमीटर तक घुमाया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और घटना में शामिल वाहन जब्त किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार, घटना 15 नवंबर को सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र के शाहिद पथ पर हुई। पुलिस ने बताया कि स्कॉर्पियो कार चालक कृष्ण कुमार गोस्वामी शाहिद पथ तिराहा पर वाहन रोकने से इनकार करने और यातायात में बाधा उत्पन्न करने के बाद फरार हो गया। कांस्टेबल रंजीत कुमार यादव ने शिकायत में कहा कि घटना दोपहर लगभग 12:45 बजे हुई जब बिना नंबर प्लेट की काली स्कॉर्पियो कार का चालक यात्रियों को बैठाने के लिए रुका, जिसके बाद यातायात पुलिस कर्मी वहां पर पहुंचे।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड: पुलिस ने कहा, मुख्य आरोपी अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से लाया जा रहा है



**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मुख्य आरोपी गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया जा रहा है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिश्नोई को बुधवार को दिल्ली लाए जाने की संभावना है। बिश्नोई अप्रैल 2024 में अभिनेता सलमान खान के आवास पर गोलीबारी से संबंधित मामले में वांछित आरोपी है। अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस ने बिश्नोई के प्रत्यर्पण के बारे में दो प्रस्ताव भेजे थे। उन्होंने बताया कि गैंगस्टर के खिलाफ देशभर में कई मामले दर्ज हैं और केंद्र सरकार यह तय करेगी कि उसे पहले किस एजेंसी की हिरासत में दिया जाए। इस महीने की शुरुआत में जांच एजेंसियों को सूचना मिली थी कि बिश्नोई को कनाडा में हिरासत में लिया गया है। पता चला था कि वह अक्सर अमेरिका से कनाडा आता जाता रहता था। अधिकारी ने बताया कि उसके पास कथित तौर पर एक रूसी पासपोर्ट था, जो उसने जाली दस्तावेज़ों के आधार पर हासिल किया था। राकांपा नेता और बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उन्हें एक ईमेल मिला है जिसमें बताया गया है कि अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से निकाल दिया गया है। पूर्व विधायक ने कहा, इसका मतलब है कि वह अमेरिका में नहीं है और उसे भारत लाकर उसके अपराधों के लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

## एसआईआर द्वितीय चरण : 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में करीब 99 प्रतिशत गणना प्रपत्र बंट चुके

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 51 करोड़ मतदाताओं में से 50.25 करोड़ से अधिक मतदाताओं को मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत गणना प्रपत्र दिये जा चुके हैं। एसआईआर प्रक्रिया का दूसरा चरण चार नवंबर को गणना प्रपत्र बांटने से शुरू हुआ था और यह प्रक्रिया चार दिसंबर तक जारी रहेगी। निर्वाचन आयोग ने अपने दैनिक एसआईआर बुलेटिन में बताया कि 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 50.25 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। दूसरे शब्दों में, 50.97 करोड़ मतदाताओं में से 98.54 प्रतिशत को आंशिक रूप से भरे हुए फॉर्म प्राप्त हुए हैं। निर्वाचन आयोग के मुताबिक छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, अंडमाना - निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है। इनमें से तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में भी 2026 में विधानसभा चुनाव होंगे और निर्वाचन आयोग ने सोमवार को पूर्वोत्तर के इस राज्य में मतदाता सूची का 'विशेष पुनरीक्षण' कराने की घोषणा की।

## भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश में नागरिक-सैन्य तैयारी अभ्यास किया



**ईटानगर :** भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश में नागरिक-सैन्य तैयारी अभ्यास किया, जिसका उद्देश्य सहयोग और प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूत करना था। एक रक्षा अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नामसाई जिले के लोहितपुर और निचली दिबांग घाटी जिले के रोइंग के नागरिक प्रशासन के साथ निकट समन्वय में आयोजित 'अभ्यास समन्वय' में सुरक्षा प्रबंधन, संसाधन अनुकूलन और संयुक्त परिचालन तत्परता के लिए एकीकृत दृष्टिकोण विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि इस कार्यक्रम में भारतीय सेना की स्पीयर कोर, पुलिस, अर्धसैन्य बलों, नागरिक प्रशासन और अन्य आवश्यक एजेंसियों के प्रतिनिधि विस्तृत विचार-विमर्श और व्यावहारिक समन्वय गतिविधियों के लिए एकत्रित हुए। उन्होंने कहा कि ये सत्र तैयारियों को बढ़ाने, प्रतिक्रिया तंत्र को कारगर बनाने तथा पूरे क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आयोजित किए गए थे। उन्होंने कहा कि यह भविष्य की आकस्मिकताओं के प्रबंधन के लिए सहयोगात्मक योजना और समग्र सरकारी दृष्टिकोण के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करता है।

## बुलेट ट्रेन शुरुआती चरण में सूरत और वापी के बीच 100 किलोमीटर हिस्से में दौड़ेगी: वैष्णव





**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन का उद्घाटन अगस्त 2027 में होगा और शुरुआती चरण में यह गुजरात के सूरत और वापी के बीच 100 किलोमीटर हिस्से में चलेगी। इससे पहले, वैष्णव ने कहा था कि शुरुआती चरण में बुलेट ट्रेन सूरत और बीलीमोरा के बीच 50 किलोमीटर के हिस्से में चलेगी। देश का पहला 508 किलोमीटर लंबा हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर साबरमती (अहमदाबाद) और मुंबई के बीच बनाया जा रहा है जिस पर 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बुलेट ट्रेन चलाई जाएगी और यह ट्रेन दो घंटे 17 मिनट में अपना सफर पूरा करेगी। वैष्णव ने यहां रेल भवन में संवाददाताओं से कहा, ''अगस्त 2027 में बुलेट ट्रेन का उद्घाटन होगा तथा शुरुआती चरण में यह सूरत और वापी के बीच 100 किलोमीटर के हिस्से में चलेगी। इससे पहले, शुरुआती चरण में इसी समयसीमा के भीतर सूरत और बीलीमोरा के बीच 50 किलोमीटर हिस्सों खोलने की योजना बनाई गई थी।'' उन्होंने कहा, ''बुलेट ट्रेन मुंबई और अहमदाबाद के बीच की दूरी चार स्टेशनों पर रुकते हुए एक घंटा 58 मिनट में तय करेगी। हालांकि, अगर यह सभी 12 स्टेशनों पर रुकती है तो पूरा सफर दो घंटे 17 मिनट में तय करेगी।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाल में सूरत स्टेशन के दौरे के बारे में वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री निर्माण की गति से संतुष्ट थे। वैष्णव ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस परियोजना से हमने जो कुछ भी सीखा है उसका उपयोग न केवल रेलवे और अन्य उच्च गति परियोजनाओं में, बल्कि अन्य विभिन्न क्षेत्रों में भी किया जाना चाहिए। हमने इस परियोजना में एक के बाद एक नवाचार किए हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह एक जटिल परियोजना है और सबसे बड़ी चुनौती इसका डिजाइन है।'' उन्होंने इस बात पर बल दिया कि पूरी परियोजना 2029 के अंत तक चालू हो जाएगी। हालांकि रेल मंत्रालय ने कॉरिडोर पर सिग्नलिंग सिस्टम लगाने के लिए सीमेंस के नेतृत्व वाले एक संयुक्त उपक्रम को ठेका दिया है, लेकिन उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि हो सकती कि यह प्रणाली जापानी शिंकानसेन बुलेट ट्रेन के लिए उपयुक्त न हो। मंत्रालय ने 'भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड' से 250 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पर चलने सक्षम एक उच्च गति वाली ट्रेन को स्वदेशी रूप से विकसित करने के लिए भी कहा है।

### बैंक 'धोखाधड़ी' मामला: ईडी ने दुबई में 51 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को बताया कि एक कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन निरोधक कानून के तहत दुबई में 51 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नौ आलीशान अपार्टमेंट और व्यावसायिक इमारतें कुर्क की गई हैं। संघीय जांच एजेंसी के भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय ने सोमवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत इन संपत्तियों को जब्त करने का एक अस्थायी आदेश जारी किया था। ईडी ने एक बयान में कहा कि यह जांच एडवांटेज ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड (एओपीएल), इसके मुख्य निदेशक/महत्वपूर्ण लाभार्थी श्रीकांत भासी, निदेशकों, गारंटर और संबंधित लोगों की ओर से की गई बैंक धोखाधड़ी से संबंधित है, जिससे भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 1,266.63 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

## ओंकारेश्वर में जनता और साधु-संतों के भारी विरोध के बाद 'ममलेश्वर लोक' की योजना वापस ली गई

**खंडवा/इंदौर :** मध्यप्रदेश सरकार ने उज्जैन के 'श्री महाकाल लोक' गलियारे की तर्ज पर ओंकारेश्वर में 120 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से 'ममलेश्वर लोक' गलियारा बनाने की योजना स्थानीय नागरिकों और साधु-संतों के भारी विरोध के बाद मंगलवार को वापस ले ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नर्मदा नदी के तट पर बसा ओंकारेश्वर, भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में शामिल है और इसकी गिनती हिंदुओं के प्रमुख धार्मिक स्थलों में होती है। अतिरिक्त जिलाधिकारी (एडीएम) काशीराम बड़ोले ने बताया कि प्रशासन ने स्थानीय लोगों और साधु-संतों की भावनाओं को देखते हुए ओंकारेश्वर में प्रस्तावित स्थल पर 'ममलेश्वर लोक' बनाने की योजना वापस ले ली है। उन्होंने हालांकि कहा कि यदि स्थानीय जन प्रतिनिधि और साधु-संत चाहेंगे, तो ओंकारेश्वर में 'सर्वसम्मति के आधार पर' किसी दूसरी जगह पर 'ममलेश्वर लोक' के निर्माण की नयी योजना बनाई जाएगी। ओंकारेश्वर में प्रस्तावित 'ममलेश्वर लोक' के लिए प्रशासन ने सर्वेक्षण शुरू कर दिया था, लेकिन विस्थापन की योजना के विरोध में स्थानीय नागरिकों के आह्वान पर इस तीर्थनगरी में पिछले दो दिन से तमाम कारोबारी प्रतिष्ठान बंद थे। इससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति यह थी कि श्रद्धालुओं को पीने का बोतलबंद पानी और चाय-नाश्ता तक नहीं मिल पा रहा था। ओंकारेश्वर में जिस जगह 'ममलेश्वर लोक' प्रस्तावित था, वहां साधु-संतों के कई आश्रम और धर्मशालाएं भी हैं। इसलिए संत समुदाय ने भी 'ममलेश्वर लोक' की योजना का खुलकर विरोध शुरू कर दिया था।

